इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -286 राजनांदगांव, बुधवार 04 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पास : पीड़िता कोमा में गई या मौत हुई तो दोषी को 10 दिन में फांसी होगी

कलकत्ता। ममता बनर्जी सरकार ने बंगाल विधानसभा के विशेष सत्र में आज, मंगलवार, 3 सितंबर को एंटी-रेप बिल पास हो गया। इस विधेयक को लेकर सुवेंदु अधिकारी ने आपत्ति जताई, हालांकि, इसे मंजूर नहीं किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से विधेयक पारित हो गया। विधेयक पारित होने के बाद ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। बीजेपी शासित राज्यों में हो रही दुष्कर्म की घटनाओं पर सरकार को घेरा। इस बिल का नाम अपराजिता विधयेक 2024 है। इस विधेयक में दुष्कर्मियों को 10 दिन के अंदर फांसी देने का प्रावधान है। इस बीच राज्य भर में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को भी कोलकाता पुलिस मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

दस दिनों में होगी दुष्कर्मियों को फांसी

ममता बनर्जी सरकार द्वारा पेश किए गए इस एंटी-रेप बिल में यह प्रावधान किया गया है कि बलात्कार के दोषियों को दस दिनों के भीतर फांसी की सजा दी जाएगी। इसका नाम 'अपराजिता महिला और बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून और संशोधन) बिल 2024' रखा गया है। इस बिल का उद्देश्य बलात्कार के मामलों में तेजी से न्याय दिलाना है और महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है।

डॉक्टरों के प्रदर्शन पर टीएमसी नेता की विवादित टिप्पणी

टीएमसी नेता अरुंधति मैत्रा ने डॉक्टरों के प्रदर्शन पर विवादित बयान दिया, जिसमें उन्होंने डॉक्टरों को 'कसाई' कहा। इस बयान से बंगाल में तनाव और बढ़ गया है। डॉक्टरों ने इस टिप्पणी का कड़ा विरोध किया है और इसे असंवेदनशील करार दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि वे केवल न्याय की मांग कर रहे हैं और मरीजों का इलाज जारी है। इस बयान से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई है।

विपक्षी दलों का समर्थन, लेकिन असहमति भी

बंगाल विधानसभा में इस बिल के पेश किए जाने के बाद, प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी ने इस कदम का समर्थन किया है। बीजेपी का कहना है कि वे महिला सुरक्षा के मुद्दे पर ममता सरकार के साथ हैं। लेकिन इसके साथ ही कुछ विपक्षी नेताओं ने बिल के कुछ प्रावधानों पर असहमति भी जताई है। उनका मानना है कि इस बिल में कुछ और सुधार की जरूरत है, ताकि यह और भी प्रभावी साबित हो सके।

क्या है 'अपराजिता महिला और बाल' बिल?

अपराजिता महिला और बाल बिल 2024, ममता सरकार का एक बड़ा कदम है। इस बिल में बलात्कार के दोषियों को दस दिनों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में 9 नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार सुबह दंतेवाड़ा व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त पर निकली पुलिस टीम व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में मृत 9 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। साथ ही, एसएलआर, 303 राइफल, 315 बोर बंदूक समेत भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुआ है।

एसपी गौरव रामप्रवेश रॉय के मुताबिक, मंगलवार सुबह 6.30 बजे से सुरक्षा बल व नक्सलियों के मध्य मुठभेड़ जारी रही। दोनों ओर से रुकरुक कर गोलीबारी चलने की सूचना है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली मिलिट्री प्लाटून नंबर-2 के सदस्य होने की संभावना जताई जा रही है। सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, बैलाडीला पहाड़ी की तलहटी में पश्चिम बस्तर डिवीजन के 30-35 नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना मिली थी, जिसके बाद लोहा गांव की तरफ से डीआरजी, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ यंग प्लाटून, सीआरपीएफ 111 वीं बटालियन की अलग-अलग टुकड़ियों को सर्चिंग पर रवाना किया गया था। इसी दौरान पुरंगेल के जंगल मे नक्सलियों ने जवानों को आता देख गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बल की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। फिलहाल पुलिस पार्टियां वापस नहीं लौटी हैं। जिले में लंबे समय बाद फोर्स को इतनी बड़ी कामयाबी मिली है।

65 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना थी

अधिकारियों के मुताबिक, 5 से 7 किमी के जंगली इलाके में 65 नक्सलियों के छिपे होने की आशंका थी। सूचना मिलने पर दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की पुलिस ने अन्य सुरक्षाबलों के साथ मिलकर ऑपरेशन चलाया। अधिकारियों के मुताबिक, अभी मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ खत्म होने के बाद पुलिस पार्टी से पूरी सूचना मिलेगी। बड़ी संख्या में नक्सली घायल हुए हैं, जिनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की कुर्सी पर मंडरा रहा खतरा

सीएम सिद्धारमैया ने बड़ा किया दावा

बैंगलोर। राजनीति में कब क्या हो जाए कहना मुश्किल होता है। कोई नेता अभी सूबे की कमान संभाल रहा होता है और एक फोन कॉल उसे पूर्व कर देती है। इसी कड़ी में चर्चा है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है।

पद से हटाए जाने की चर्चा के बीच सीएम सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि वह पार्टी आलाकमान और विधायकों के निर्णय का पालन करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात अपने गृहनगर मैसूर में मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए कही। मैं पद पर रहूंगा या नहीं पार्टी हाईकमान करेगा फैसला बता दें कि कुछ दिन पहले पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता आर.वी. देशपांडे के बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि नेतृत्व में बदलाव होता है, तो वे मुख्यमंत्री पद संभालने के लिए तैयार हैं, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, मुख्यमंत्री किसे बनाया जाएगा? इस संबंध में पार्टी के विधायक और आला कमान निर्णय लेंगे। वे जो भी निर्णय वे लेंगे, मैं उसका पालन करूंगा। संवाददाताओं ने जब उनसे पूछा कि लंबे समय बाद वे कैसे तरोताजा दिख रहे हैं, जबकि भाजपा दावा कर रही है कि मुडा मामले के बाद वे सुस्त हो गए हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हरियाणा विधानसभा चुनाव: आप ने कांग्रेस से 10 सीटें मांगी, कांग्रेस ने 7 सीटों का दिया ऑफर

हरियाणा। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन हो सकता है। दोनों दलों के नेताओं के बीच इसको लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है। हरियाणा में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के बीच दो राउंड की बैठक भी हो चुकी है। इस बैठक में आम आदमी पार्टी ने 10 सीटों की डिमांड रखी है, लेकिन अभी उसकी सीटों पर कांग्रेस की ओर से सहमति नही मिल पाई है।

इस बैठक के साथ ही हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की औपचारिक बातचीत शुरू हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक दो राउंड की बैठक में आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में 10 सीटों की मांग कर रही है जबकि कांग्रेस ने आप को 7 सीटों का ऑफर दे दिया है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि उसने राज्य की एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें 9 विधानसभा

फिलहाल बात अटकी

सीटें आती हैं। इस आधार पर उसने 10 विधानसभा सीटों की मांग की है। आगे सीटों पर डील फाइनल करने के लिए बुधवार को कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और आप सांसद राघव चड्ढा के बीच तीसरे दौर की बैठक हो सकती है।

कांग्रेस ने चर्चा के लिए तीन सदस्यों टीम बनाई

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी से गठबंधन पर चर्चा के लिए तीन सदस्यों की समिति बनाई है। सूत्रों के मुताबिक मिल रही जानकारी के अनुसार इस समिति में स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन, हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया और भूपिंदर सिंह हुड्डा हैं। इस कमेटी को संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सुपरवाइज कर रहे हैं।

राहुल गांधी भी चर्चा में हो सकते हैं शामिल

हरियाणा में गठबंधन को लेकर हो रही चर्चा पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भी नजर है। राहुल गांधी 4 सितंबर को जम्मू कश्मीर में प्रचार करेंगे और 5 को महाराष्ट्र दौरे पर रहेंगे। 6-7 सितंबर की रात को राहुल गांधी अमेरिका के लिए रवाना होंगे और 13-14 सितंबर को वापस लौटेंगे। सूत्रों के अनुसार खबर है राहुल गांधी बतौर नेता प्रतिपक्ष इंडिया गठबंधन के सबसे बडे दल होने के नाते राष्ट्रीय स्तर पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रुनेई की राजधानी में प्रतिष्ठित मस्जिद का दौरा किया

बंदर सेरी बेगवान/नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार शाम ब्रुनेई की राजधानी में प्रतिष्ठित सुल्तान उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का दौरा किया।

ब्रुनेई के धार्मिक मामलों के मंत्री पेहिन दातो उस्ताज हाजी अवांग बदरुद्दीन ने उनकी अगवानी की और कुछ समय तक परिसर में चुपचाप बैठकर समय बिताया। मोदी के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने सुल्तान उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का दौरा किया, जहां ब्रुनेई के धार्मिक मामलों के मंत्री पेहिन दातो उस्ताज हाजी अवांग बदरुद्दीन ने उनका स्वागत किया। बयान में कहा गया कि ब्रुनेई के स्वास्थ्य मंत्री हाजी मोहम्मद ईशाम भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए भारतीय समुदाय के सदस्यों का एक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

देवेंद्र यादव को बडा झटका : कोर्ट ने 7 दिन की न्यायिक रिमांड बढ़ाई, 9 सितंबर को होगी अगली पेशी

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत कोर्ट ने बढ़ा दी है। अब वे 9 सितंबर तक जेल में बंद रहेंगे। मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये उनकी पेशी हुई। लगभग एक घंटे तक चली बहस के बाद पुलिस ने जांच पूरी नहीं का हवाला देते हुए उनकी रिमांड बढ़ाने के लिए कहा। जिसे कोर्ट ने मंजूर करते हुए, उनकी रिमांड 7 दिन के लिए बढ़ा दी है।

सुनवाई पूरी होने के बाद विधायक देवेंद्र यादव के वकील अनादी शंकर मिश्रा ने कहा कि, पुलिस के पास कोई साक्ष्य नहीं है और पुलिस जानबूझकर देरी कर रही है। इसलिए हमनें जल्द से जल्द देवेंद्र यादव का चालान पेश करने की बात कही है.

इसके पहले कोर्ट में जाते समय उन्होंने कहा था कि, पुलिस के चालान पेश करने का इंतजार है। हम आज भी जमानत के लिए आवेदन नहीं लगाएंगे। पूरी स्थिति कोर्ट खुलने के बाद ही पता चलेगा कि, पुलिस आज चालान पेश कर रही है या नहीं।

17 अगस्त से न्यायिक रिमांड पर देवेंद्र यादव

उल्लेखनीय है कि, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव 17 अगस्त से न्यायिक हिरासत में हैं। उन पर 10 जून को हुए बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी के मामले में शामिल होने का आरोप है। वहीं उनकी दो बार न्यायिक रिमांड की अवधि कोर्ट ने बढ़ा दी थी।

देवेंद्र पर 18 से ज्यादा धाराओं के तहत अपराध दर्ज

आज तीसरी बार फिर से देवेंद्र यादव की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई होगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ आज को होगा शांति समझौता

नयी दिल्ली। पूर्वोत्तर क्षेत्र को उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से छुटकारा दिलाने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में केंद्र और त्रिपुरा राज्य सरकार के साथ राज्य के दो गुट- नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) एक समझौता करने पर सहमत हुए हैं। गृह मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बुधवार को केन्द्र सरकार, त्रिपुरा सरकार, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत दी आवासों को स्वीकृति

सीएम साय ने जताया आभार, कहा- जरूरतमंदों के सिर पर होगी पक्की छत

रायपुर। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 8,46,931 परिवारों के लिए आवास के लक्ष्य को स्वीकृति दी है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। सीएम साय ने कहा कि यह स्वीकृति ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कच्चे मकान से जल्द ही छुटकारा दिलाएगी और जरूरतमंदों के सिर पर पक्की छत होगी।

सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्श्वष्टष्ट 2011 के डाटा के आधार पर बनाए गए स्थाई प्रतीक्षा सूची के शेष 6,99,331 परिवारों तथा आवास प्लस के 8,19,999 परिवारों में से 1,47,600 परिवार हेतु, इस प्रकार कुल 8,46,931 परिवारों के लिए आवास के लक्ष्य को स्वीकृति दी है।

प्रदेश में गरीबों,जरूरतमंदों को पक्का घर दिलाने के उद्देश्य से मोदी सरकार द्वारा दी गई यह स्वीकृति ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कच्चे मकान से जल्द ही छुटकारा दिलाएगी और जरूरतमंदों के सिर पर पक्की छत होगी। अपना हर पल गरीबों की सेवा और उनके विकास में समर्पित करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस अनुपम उपहार के लिए 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों की ओर से सहृदय आभार व्यक्त करता हूं।

सशस्त्र सेनाओं के लिए एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने सशस्त्र सेनाओं की क्षमता बढ़ाने तथा उनके आधुनिकीकरण के लिए करीब एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां रक्षा खरीद परिषद ने एक लाख 44 हजार 716 करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी खरीद प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इन सौदों की कुल लागत का 99 प्रतिशत देश में ही डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी का होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन प्रस्तावों में सेना के टैंक बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 'फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद का प्रस्ताव भी शामिल है। एफआरसीवी बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों में काम करने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक तथा घातक आग पर काबू पाने वाले उपकरणों से लैस मुख्य युद्धक टैंक होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नंदकुमार साय का यू टर्न : मिस्ड काल मारकर ली बीजेपी की सदस्यता

बोले- परिस्थियां बदलीं, इसलिए आया वापस

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बड़े आदिवासी नेताओं में शुमार नंदकुमार साय ने मंगलवार को बीजेपी ज्वाइन कर ली है। उन्होंने पार्टी द्वारा जारी नंबर पर मिस कॉल कर सदस्यता ली है। जिसके बाद खुद सोशल मीडिया में पोस्ट कर लिखा है कि, देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करना गौरव का विषय है।

सोशल मिडिया में किया शेयर

बीजेपी की सदस्यता लेने के नंदकुमार साय ने कहा कि, अब परिस्थियां बदल गई हैं। इसलिए मैंने फिर से भाजपा ज्वॉइन किया है। जब मैंने पार्टी को छोड़ा था तब पार्टी में 60 साल से ज्यादा वाला फॉर्मूला था। लेकिन अब ऐसा नहीं है, हम भाजपा को स्थापित करने वाले नेता हैं। इसे और मजबूत करना है। पार्टी में किस भूमिका में काम करने के सवाल पर

उन्होंने कहा कि, पार्टी किस भूमिका में काम करायगी यह पार्टी तय करेगी।

छवि खराब करने का आरोप लगाकर दिया था इस्तीफा

उल्लेखनीय है कि, 1 मई 2023 को इस्तीफा देते हुए उन्होंने आरोप लगाया था कि, भाजपा नेता ही झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। खुद के खिलाफ साजिश रचने और अपनी गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था। अपने इस्तीफे में साय ने कहा था कि, मैं भाजपा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारियां दी हैं, मैंने उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाया। इसके लिए मैं पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं। एक वीडियो में, वरिष्ठ राजनीतिक नेता से उम्मीद है कि भाजपा ठीक से काम करे।

बीजेपी के कई पदों पर कर चुके हैं काम

नंदकुमार साय छत्तीसगढ़ के बड़े आदिवासी नेता माने जाते हैं। वह राज्य के पहले नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अशोका आई.टी.आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन 8 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास,जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

तीजा पर्व की तैयारियों में जुटी महिलाएं, बाजार में खरीदारी बढ़ी

तीजा के समय में ट्रेनों के रद्द होने से तीजहारिनों को झटका..., बसों मे अभी से नजर आने लगी भीड़

राजनांदगांव (दावा)। पोला पर्व मनाते ही मायका पक्ष वालों द्वारा अपनी बहन-बेटियों को तीजा लिवा लाने का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को शहर सहित अंचल भर में लोक पारम्परिक पर्व पोला धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व मनाते ही त्यौहार की रोटिया ले कर मायके वाले अपनी बहन बेटियों के ससुराल पहुंच जाते है और तीजा मनाने के लिए उन्हें पूरे सम्मान के साथ लिवा लाते है। महिला पोला त्योहार मनाने के पहले से ही तीजा जाने की तैयारियों में जुट गई थी। अब जब तीजा लिवा लाने के लिए घर में मेहमान के आते ही महिलाओं का तीजा जाने यह सिलसिला शुरू हो गया है। इससे बसों व लोकल ट्रेनों में तीजहारिनों की भीड़ नजर आने लगी है।

इधर एन त्यौहारी सीजन में ट्रेने रद्द होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। तीजा पर्व के दौरान ट्रेनों का रद्द होना एक प्रकार से तीजहारिन महिलाओं के लिए झटका साबित हो रहा है। हालांकि उक्त ट्रेने 10 सितम्बर से रद्द होने जा रही है। लेकिन तीजहारिनों का अपने मायके से तीजा मनाकर लौटने का सिलसिला गणेश विसर्जन के आगे तक जारी रहता है। इससे निश्चित ही तीजहारिनों को ट्रेनों में आवाजाही संबंधी परेशानी झेलनी पड़ेगी। बताया जाता है कि बिलासपुर से झारझुगड़ा सेक्शन के भूपदेव रेल्वे स्टेशन को चौथी रेल लाईन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसलिए 10 सितम्बर से 28 सितम्बर तक उक्त रूट में चलने वाली सभी ट्रेने रद्द रहेगी।

बाजार में बिखरी रौनक

बता दे कि 7 सितम्बर शनिवार से गणेशोत्सव पर्व शुरू हो रहा है। शहर सहित अंचल भर में इसकी धूम रहेगी। इसके एक दिन पहले तीजा का त्यौहार है जिसे हरितालिका व्रत भी कहा जाता है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु व स्वस्थ जीवन के लिए तीजा का कठिन व्रत रखती है। कहा जाता है कि भगवान शंकर को हर जन्म मे पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने अपने पीहर से दूर जाकर एक गुफा में बिना कुछ खाए-पिए, निर्जला व्रत रखी थी। अपने भावी पति को पाने के लिए कठिन व्रत करने वाली मां पार्वती के उक्त कठिन व्रत का महिलाओं द्वारा तीजा उपवास के रूप में अनुकरण किया जाता है। सुहागिन महिलाएं यह व्रत निश्चित रूप से करती है। इस पर्व में तीजा जाने वाली महिलाओं को उनके मायके वालों द्वारा व्रत के पारणा के दिन नई-नई साडियां व चूड़ी-फुंदरी सौन्दर्य प्रसाधन आदि सहित अन्य चीजें उपहार दिया जाता है।

इससे बाजार में इन चीजों की खरीदारी बढ़ गई है। कई महिलाओं के पहले से ही तीजा आ जाने के कारण बाजार में उनकी अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रही है। शहर के कपड़े की दुकान से लेकर सौंदर्यप्रसाधनों की दुकान, ज्वेलरी आइटम वाले सोने- चांदी की दुकान, तुरकारियों की चुड़ी दुकाने, गिफ्ट आइटम वाले दुकान में भीड़ देखने को मिल रही है। शहर के मुख्य मार्केट गोल बाजार, शनि मंदिर रोड़, गुड़ाखू लाइन, कामठी लाइन, मानव मंदिर चौक रोड, जयस्तंभ चौक रोड, रामाधीन मार्ग, भारत माता चौक, सदरबाजार, सिनेमा लाइन, हलवाई लाइन सहित अन्य स्थानों में लोगों का काफी रश देखने को मिल रहा है।

पर्व-त्यौहारों का सिलसिला

बता दे कि 6 सितम्बर को तीजा पर्व मनाया जाएगा। इसके एक दिन पहले 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी का पर्व है। वही 8 को ऋषि पंचमी, 10 को ललिता सप्तमी, 11 को राधा अष्टमी 14 को, एकादशी 15 को, वामन जयंती तथा 16 को भगवान विश्वकर्मा जयंती है। इसके ठीक दूसरे दिन 17 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी यानि के गणेश प्रतिमा विसर्जन का पर्व है।

पर्व की लगातार बनी श्रृंखला को लेकर बाजार में रौनक बिखरी हुई है। इस दौरान पूजा-सामग्रियों की बिक्री के साथ-साथ हार-फूल की दुकाने, किराना दुकान, होजियरी, सौंदर्य प्रशाधन की दुकान सर्राफा बाजार गिफ्ट आइटम की दुकाने इलेक्ट्रानिक्स स्टोरों में खरीदारों का हुजुम देखने को मिलेगा वही बस-टेम्पो आटो में भीड़ व दुपहिया, चार पहिया वाहनों में बाजार में खरीदी करने से लेकर तीजा-मनाने की आवाजाही से पूरा माहौल गुलजार बना रहेगा। तीजा मनाने अपने मायका आई माता-बहन-बेटियों से शहर के पारा-मुहल्लों से लेकर गांव-देहात के क्षेत्रों में रौनक बिखरी रहेगी। अपनों का अपने लोगों के बीच पाकर खुशियां द्विगुणित हो उठेगी।

तिरंगा मंडल ने की मुख्यमंत्री से गणेश झांकी पुरस्कार पुनः आरंभ करने की मांग

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दिया मांग पत्र

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में श्री गणेश पर्व संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध है नगर को गणेश झांकी व हॉकी के नाम से जाना जाता है। जिस हेतु नगर के गणेश मंडल के पदाधिकारियों सदस्यों द्वारा दो तीन माह पूर्व से ही तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है। तिरंगा मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री श्री गणेश झांकी प्रोत्साहन पुरस्कार राशि नगर निगम के निर्णय के अनुसार से विजयी गणेश मंडलों को प्रदाय की जाती थी, इसके अलावा प्रत्येक विसर्जन झांकी, स्थल सजावट समितियों को भी प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जाती थी।

जो कि विगत 6 वर्षों से प्रदान नहीं की जा रही है। जिस हेतु तिरंगा गणेश मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानेश्वर मेश्राम, सचिव रजत भोईर पिन्टू, सहसचिव अखिलेश ठावरे सहित संपूर्ण पदाधिकारियों ने गणेश पर्व पर संस्कारधानी में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दी जाने वाली गणेश झांकी पुरस्कार राशि व प्रोत्साहन राशि को पूर्व की दी जाने वाली राशि में वृद्धि कर पुनः प्रारंभ किये जाने हेतु विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री विधायक डॉ. रमन सिंह को मांग पत्र सौंपकर आग्रह किया है। जिससे नगर के सभी गणेश समितियों को प्रोत्साहन मिल सके व श्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कृत किया जा सकें। जिस पर डॉ रमन सिंह द्वारा इसे पुनः प्रारंभ किये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पहला कॉलम...

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव आज मोहला एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र में

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव आज मोहला एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पूर्व सांसद श्री यादव 11 से 12 बजे तक मोहला वन विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तत्पश्चात् दोपहर 2 बजे मोहला से डोंगरगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 4 बजे डोंगरगढ़ में भूमिपूजन एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

एकलव्य आवासीय विद्यालय पेण्ड्री के विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों पर भर्ती के लिए 5 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं में रिक्त सीटों पर भर्ती के लिए कल 5 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विभिन्न कक्षाओं में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि व विद्यालयीन समयावधि तक कार्यालय प्राचार्य एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। संस्था में कक्षा 7वीं में बालक के 3 व कन्या के 6, कक्षा 8वीं में बालक के 1, कक्षा 9वीं में बालक के 2 व कन्या के 3, कक्षा 10वीं में बालक के 7, कक्षा 11वीं में बालक के 4, कक्षा 12वीं में बालक के 10 व कन्या के 5 सीट रिक्त हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राचार्य एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

आज जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता, नेशनल हाईवे तथा अन्य सड़कों पर पशु विचरण एवं समुदाय से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा व परिचर्चा के लिए आज 4 सितम्बर को अपरान्ह 3 बजे कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को उपस्थित होने कहा गया है।

जिले में अब तक औसत 890.8 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक औसत 890.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 5.2 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 10 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 10 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 5.8 मिमी, घुमका तहसील में 0.5 मिमी, छुरिया तहसील में 1.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 5.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 4.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

आशीर्वाद मंडल गंज चौक में श्रीमद् देवी ज्ञान यज्ञ सहित गणेशोत्सव पर्व की बिखरेंगी छटा

गणेश चतुर्थी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, विसर्जन झांकी निकलाने की हो रही तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गंज चौक में आशीर्वाद मंडल के गणेशोत्सव की धूम रहेगी। इस बार आशीर्वाद मंडल के गणेशोत्सव में श्रीमद देवी ज्ञान यज्ञ का भव्य कार्यक्रम जुड़ने जा रहा है। आशीर्वाद मंडल के अध्यक्ष आशीष गुप्ता 'मुन्ना' व उसके सहयोगियों ने कार्यक्रम की पूरी रुप रेखा तैयारी कर ली है।

ग्यारह दिनों तक गुलजार रहेगा गंज चौक, बहेगी ज्ञान यज्ञ की धारा

मंडल के अध्यक्ष मुन्ना ने बताया कि इस वर्ष के गणेशोत्सव आयोजन में श्रीमद् देवी ज्ञान यज्ञ और विसर्जन झांकी आयोजन शहर में आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। वही गणेशोत्सव पर्व के दौरान श्रीमद देवी ज्ञान यज्ञ सहित रोजाना होने वाले कार्यक्रम से ग्यारह दिनों तक गंज चौक का माहौल गुलजार बना रहेगा। 0

शिव परिवार की मूर्ति स्थापना

आशीर्वाद मंडल के आशीष गुप्ता ने बताया कि इस बार भव्य रूप से सजे गणेशोत्सव पंडाल में शिव परिवार की भव्य एवं आकर्षक मूर्ति की स्थापना की जा रही है साथ ही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन गणेश चतुर्थी के अवसर पर गंज चौक से बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं गणेशोत्सव पंडाल में भव्य शिव परिवार की मूर्ति स्थापना होगी। उन्होंने बताया कि आगामी 08 सितंबर से 16 सितंबर तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा प्रारम्भ होगी इसके एक दिन पहले 07 को शाम 6 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा में विशेष रुप से गणेश विवाह की झाँकी प्रस्तुत की जावेगी। श्रीमद देवी भागवत कथा के वाचक आचार्य पंडित अनिल शुक्ला महाराज होंगे। उनकी सुमधुर वाणी में लोगों को संगीतमय देवी भागवत की कथा श्रवण करने का पुण्य-लाभ प्राप्त होगा।

श्री गुप्ता ने भक्त जनों को श्रीमद देवी भागवत कथा कार्यक्रम का लाभ लेने व 7 सितंबर को गंज चौंक से बाजे-गाजे के साथ निकाले जाने वाली भव्य कलश शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

चौराहे पर दुर्घटना पुलिस विभाग और नगर निगम अपनी जवाबदारी तय करें - वरुण पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता वरुण पांडे ने जनहित का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन का ध्यान आकर्षण करते हुए कहा है कि महावीर चौक के पास बड़ी-बड़ी गाड़ियों को मोड़ने में दिक्कत होती है आए दिन इस चौक पर दुर्घटना होती रहती है निगम प्रशासन और पुलिस इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए इस पर दोनों विभाग तत्काल प्रभाव से कम करें ताकि दुर्घटना होने से बचा जा सके महावीर चौक अग्रवाल कैंटीन के पास खैरागढ़ से आने वाली बड़ी चौक में छोटी गाड़ियों को एक्सीडेंट का शिकार होना पड़ता है।

ट्रक ने कार वाले को ठोक दिया अक्सर उनको मोड़ने में तकलीफ होती है जिसके कारण हादसे होते हैं बड़ी गाड़ियां जैसे ट्रेलर हाईवे लग्जरी बसें जब यह खैरागढ़ से महावीर चौक से दुर्ग की तरफ मुड़ती है तो वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है मोड़ने में अग्रवाल कैंटीन के पास और ब्रिज के नजदीक होने के कारण इनको काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिसके कारण अधिकतर यहां दुर्घटना होते ही है।

भाजपा नेता वरुण पांडे का कहना है कि नगर निगम और पुलिस विभाग इस ग्राउंड में आकर समीक्षा करें और इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए इस पर जल्द एक्शन ले प्रशासन अगर प्रशासन इस पर फैसला नहीं लेती तो भाजपा नेता वरुण पांडे वह खुद नगर निगम और पुलिस प्रशासन के साथ अपना प्लान ग्राउंड पर बताएंगे जिससे दुर्घटना को रोका जा सकें।

विश्व ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा नंद उत्सव संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व ब्राह्मण महिला द्वारा नंद उत्सव 2024 बड़े ही धूमधाम से सामूहिक भवन कालीबाड़ी मंदिर परिसर में गया जिसमें विश्व ब्राह्मण की महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए साथ ही साथ छोटे बच्चों के लिए दही लूट का भी आयोजन किया गया और महिला के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता भी की इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रहा जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाली महिलाओं को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। हमारा मुख्य उद्देश्य सभी को साथ लेकर सभी की आवश्यकता अनुसार मदद करना है। नंद उत्सव आयोजन में मुख्य अतिथि राजनांदगांव की सेवाभावी महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, विशिष्ट अतिथि विशिष्ट मधु जैन पार्षद, मनी भास्कर गुप्ता पार्षद, संध्या शर्मा, डॉ. पायल शर्मा एवं अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित रही शामिल थे। श्रीमती मौसमी शर्मा अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण महिला मंडल राजनांदगांव, राष्ट्रीय सनातन धर्म प्रदेश अध्यक्ष उपस्थिति रही।

नन्हे बच्चों ने उठाया दही लूट का आनंद

शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-6-9
125-8 348-5
राजधानी
4-7-9
225-9 233-8

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने एवं राजस्व डिमाण्ड दुरूस्त करने वार्डों में आयुक्त पहुंचे

राजनांदगांव (दावा)। आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने, निर्माण कार्य का जायजा लेने सुबह वार्डो में पहुँच रहे है। इसके अलावा राजस्व वसूली के लिये भौतिक सत्यापन कर डिमाण्ड दुरूस्त भी किया जा रहा है।

इसी कडी में आज आयुक्त के साथ निगम के अधिकारी 18 एकड, पूनम कालोनी, ममता नगर में जाकर साफ सफाई का जायजा लिये एवं राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के लिये जी.ई.रोड तथा कालोनी क्षेत्र का निरीक्षण किये। आयुक्त श्री गुप्ता ने 18 एकड एसएलआरएम सेन्टर पहुँच कचरा संग्रहण एवं कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेन्टर में ही कचरा निपटान करने सेन्टर प्रभारी को निर्देश देते हुये प्रत्येक घर से कचरा संग्रहण कर सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करने कहा। उन्होंने वार्ड में सफाई देख हाजरी रजिस्टर की जॉच कर प्रतिदिन निर्धारित समय तक साफ सफाई कराने के निर्देश वार्ड प्रभारी को दिये, उन्होंने कहा कि सडकों, गलियों में प्रतिदिन झाडू लगे व कचरा उठाये।

लोगों को कचरा डोर टू डोर कचरा संग्रहण दीदीयो को देने अपने आस पास साफ सफाई रखने स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे। ज्यादा बारिश होने से ममता नगर अंडर ब्रिज में पानी भरान की स्थिति निर्मित होने पर आयुक्त श्री गुप्ता ने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि पानी निकासी के लिये पंप हाउस में तीनो शिफ्ट में कर्मचारी तैनात रहे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पानी निकासी के लिये मोटर पंप तो चलाया जाता है लेकिन ज्यादा बारिश में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो उसके लिये एक अतिरिक्त पंप जो चलता है, उस समय चौकसी बढ़ावे तथा दो अतिरिक्त पंप को हर समय दुरूस्त रखा जावे, संबंधित अधिकारी प्रतिदिन मानिटरिंग करें तथा कर्मचारी हर समय तैनात रहे। उन्होंने कहा कि अंडर ब्रिज से दिन भर आवागमन होती है, इसमें परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली के लिये किये जा रहे डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के तहत राम दरबार मंदिर के सामने जी.ई.रोड के बड़े व्यवसायियों के व्यवसायिक क्षेत्र के डिमाण्ड देख मोबाईल एम्प से डिमाण्ड निकाल नया डिमाण्ड तैयार करने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार उनके द्वारा लखोली, कंचनबाग, सन सिटी क्षेत्र के व्यवसायिक एवं घर के डिमाण्डों की जानकारी लेकर गठित टीम, जिनके द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से डिमाण्ड निकालकर नये सिरे से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की जा रही है, उनकी प्रगति की जानकारी लेने, कार्य की गति बढ़ाने राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम सहित तकनीकि, स्वास्थ्य एवं राजस्व अमला उपस्थित था।



श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर
संघर्ष एक जंग
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अर्थ चन्द्रा, नेहा पाणिग्रही, अजय पटेल, संतोष सम्राट तिवारी आदि

आगामी ता. 6 से
तही मोर आशिकी
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH
National Olympiad Programme 2024-2025
in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSES)** (for science subjects) on **November 23 and 24, 2024**, conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT)**.

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2025.**

To enroll: **NSES:** https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2024) For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

Cbc 48143/12/0005/2425

कार्यालय, कलेक्टर, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी
Email:-actmmac@gmail.com
क्रमांक/952/आदि.वि./स्टोर/2024-25 मोहला, दिनांक - 30/08/2024

// निविदा सूचना //

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला एवं मानपुर के संचालन हेतु सत्र 2024-25 के लिए पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री सब्जी एवं फल, मांसाहार सामग्री, लेखन सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, खेल सामग्री एवं संगीत सामग्री के लिए मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास मोहला-मानपुर-अं. चौकी के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (जी.एस.टी.प्रमाण पत्र सहित) रू. 500.00 नगद भुगतान कर दिनांक 10.09.2024 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 10.09.2024 समय दोप. 2.00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.09.2024 समय सायं 5.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि 11.09.2024 समय 11.00 बजे।

सहायक आयुक्त सह सचिव
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला मोहला-मानपुर-अं चौकी
संवाद-41308/3

कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
दूरभाष क्र.-07744-226399 (ऑफिस) फैक्स-07744-286631
क्र.-पुअराज/एम/ 6606-B /2024 दिनांक-30/08/2024

- निविदा -

रक्षित निरीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के स्टोर शाखा एवं इस इकाई के अन्य शाखाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एसआरई एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सामग्रियों की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म 0055 पुलिस मिसलेनियस हेड में 750/- रू. का चालान जमाकर निविदा की शर्तें एवं फार्म कार्यालय रक्षित निरीक्षक जिला राजनांदगांव से निविदा जारी से दिनांक **24/09/2024** तक प्राप्त किया जा सकता है तथा अपनी सीलबंद निविदाएं दिनांक **30/09/2024** दिन सोमवार के **15.00** बजे तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में निर्धारित पेटी में जमा करें जिन्हें दिनांक **30/09/2024** को **16.00** बजे क्रय समिति के समक्ष खोला जावेगा।

पुलिस अधीक्षक
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
जी-242502168/3

कलेक्टर ने गणेश विसर्जन झांकी के संबंध में गणेशोत्सव समिति के सदस्यों की ली बैठक

गणेश उत्सव समिति के सर्वसहमति से हुआ रूट चार्ट तय

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में गणेश विसर्जन झांकी रूट और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गणेशोत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश उत्सव झांकी की गौरवशाली परंपरा रही है। यहां गणेश उत्सव झांकी देखने जिले भर के नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्धारित रूट से झांकियां निकालना होगा। उन्होंने कहा कि सभी झांकियों को निर्धारित समय और एक डायरेक्शन में झांकी निकालनी होगी। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सुविधा पहुंचनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए गणेश उत्सव समितियों की सर्वसहमति से गणेश विसर्जन झांकी का रूट चार्ट तय किया गया। सभी गणेश विसर्जन झांकियां विसर्जन के लिए मानव मंदिर चौक से निकाली जाएगी। झांकी को महावीर चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए मानव मंदिर चौक लानी होगी। इसी तरह गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक और दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक लानी होगी। झांकियां मानव मंदिर चौक से आजाद चौक होते हुए भारत माता चौक, कामठी लाईन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक, नंदई चौक से मोहारा नदी जाएगी। स्वागत पंडाल गंज चौक में लगाया जाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डीजे संचालन के लिए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी आदेश की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झांकी में तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बारिश का समय है, झांकी के दौरान शार्ट-सर्किट होने की स्थिति बनी रहती है। सुरक्षा के पूरे इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थल झांकी और विसर्जन झांकी में 2-2 अग्नि शमन सिलेण्डर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झांकी के दौरान प्रत्येक गतिविधियों की फोटो एवं वीडियोग्राफी की जाएगी। किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थल झांकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए समितियों से कहा। झांकी के दौरान फटाके फोडऩा, किसी भी तरह का हथियार व लाठी-डंडा लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश विसर्जन की झांकी बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने गणेश विसर्जन झांकियों को निर्धारित रूप से ही निकालने कहा। जिससे सुरक्षा व्यवस्थाएं बनी रहे। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से बच्चे, बुजुर्ग, बीमार व्यक्तियों, प्रसूति माताओं के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है। उन्होंने कहा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं बजाने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ चालान, जप्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। इस अवसर पर रमेश पटेल, पूर्व महापौर अजीत जैन, कुलबीर सिंह छाबड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, राजनांदगांव शहर के थाना प्रभारी सहित समाज सेवी नंदू भूतड़ा, आजाद युवा गणेश उत्सव समिति, जैन महावीर मंडल, नवीन आदर्श गणेश उत्सव समिति, सुमित मंडल, बाल गणेश उत्सव समिति, गंज लाईन उत्सव समिति, जनता कॉलोनी उत्सव समिति, आशीर्वाद मण्डल, दुर्गा मंडल, गणगणेश उत्सव समिति, सिद्धि विनायक समिति, विनायक समिति, जय गणेश उत्सव समिति, बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, तिरंगा गणेश मंडल, शीतला गणेश उत्सव समिति एवं अन्य श्री गणेश उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में गणपति पूजा के अंतर्गत महागणपति पूजन एवं अभिषेक का विशेष कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में इस वर्ष गणपति पूजा के अंतर्गत महागणपति पूजन एवं अभिषेक का विशेष कार्यक्रम रखा गया है कहते हैं की अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति या किसी कारणवश व्यक्ति को कर्ज लेना पड़ता है और बाद में कर्ज अदाएगी करने मे परेशानी आती है ऐसे व्यक्तियों को श्री गणेश जी का पूजन करना चाहिए एवं प्रति दिन कम से कम ग्यारह दूबी सफेद हो तो उत्तम अथवा हरि दूब गणेश प्रतिमा पर चढ़ाकर अपनी मनोकामना भगवान श्रीगणेश को सुनाकर संकट दूर करने की प्रार्थना करना चाहिए।

श्रीगणेशमंदिर मे विशेष ऋण मुक्ति अनुष्ठान रखा गया है

शास्त्रों में कहा गया है की महागणपति ऋण मोचक मंत्र के पाठ से 11 अभिषेक करने पर अथवा महागणपति ऋण मोचक मंत्र का 11000 पाठ करने से 6 महीने के अंदर व्यक्ति का ऋण उतर जाता है इस वर्ष के गणपति पूजन में जो 7 सितंबर से लेकर 17 सितंबर तक चलेगा श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में यह विशेष अनुष्ठान विद्वान पंडित डॉ. निरंजन ठाकुर एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किया जायेगा। पूज्य गुरूदेव मौनी बाबा के आशीर्वाद से गणपति देव सभी भक्तजन की मनोकामना पूर्ण करेंगे, आप सब सादर आमंत्रित हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहे डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पाडेय

राजनांदगांव (दावा)। रविवार को राजपूत क्षत्रीय महासभा छ.ग. राहटादाह पंजी.क्रं.1282 उप समिति राजनांदगाँव के चिखली स्थित महाराणा प्रताप मंगल भवन के विस्तारीकरण पश्चात लोकार्पण कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे उपस्थित रहे।

जल संचय एवं संवर्धन के कार्य को प्राथमिकता से करें-कलेक्टर

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी, इसके लिए जिले में 108 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा को समय पर और सही तरीके से संपादन के लिए केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी अधिकारी इस परीक्षा के आयोजन के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण को विधिवत प्राप्त करें, जिससे परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।

बैठक में उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सड़कों जिन्हें निर्माण एवं संधारण किया जाना है, की सूची तैयार करें और उसके प्रांकलन तैयार कर जिला कार्यालय को प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि वर्षा के कारण जिन सड़कों के मरम्मत की आवश्यकता है और अभी वे सड़के संधारण अवधि में है, उनका संबंधित ठेकेदारों से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में प्राथमिकता के साथ जल संचय एवं संवर्धन के लिए कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान वर्षा ऋतु में जहां भी छोटे-बड़े नाले हैं, वहां बोरों में रेत भरकर जल संचय के लिए कार्य किए जाएं, इस कार्य को अभियान के रूप में किया जाए। इस संबंध में उन्होंने वन, कृषि, जल संसाधन, लोक निर्माण, ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य करने निर्देश दिए।

इसके अलावा जल संचय के लिए पूर्व से निर्मित अधोसंरचनाओं के मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों के मरम्मत, नवीन भवन, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, छात्रावास सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए निर्माण एजेंसियों की कार्यों की सूची तैयार कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें बजट में शामिल कराया जा सके। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और इसका लाभ लोगों को प्रदाय किया जा रहा है। ऐसी योजनाएं जिनमें एक बार में ही पूर्ण लाभ दिया जाता है, उन योजनाओं के तहत शत-प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके तहत राशन कार्ड, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, वन पट्टा के तहत प्रदाय लाभ सहित अन्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत हितग्राहियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा जिले में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत लोगों के सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, नक्शा सुधार, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। राजस्व अधिकारी शिविरों के माध्यम से नागरिकों की राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं का प्रभावी समाधान करने कहा। कलेक्टर ने श्रम विभाग के योजनाओं की भी समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि संगठित एवं असंगठित कर्मकारों एवं उनके परिजनों को लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग पंजीयन कराने में सहयोग करें। इस कार्य के लिए जिन दस्तावेजों का उपयोग किया जाएगा, उसकी जानकारी श्रम विभाग संबंधित समन्वयक विभागों को उपलब्ध कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि जिले में युवोदय के तहत जिला टास्कफोर्स का गठन किया गया है।

इसका उद्देश्य समाज एवं समुदाय के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना एवं जोड़ना है। इसके लिए स्वयं सेवी युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये स्वयं सेवी नागरिकों को शासन की योजनाओं से जोड़ने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अवैध रूप से पैसों का मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा

आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम मामले है दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र में लोगों से अवैध रूप से पैसों की मांग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी के खिलाफ पहले से ही आर्म्स एक्ट व आबकारी उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज है।

उसके संबंध में प्रार्थी द्वारा 2 सितंबर को थाने आकर बताया गया कि वह अपने दोस्त के साथ बोरी चौक गया था तभी ग्राम बोरी का रहने वाला बादल ताम्रकर और उसका भाई गुलशन ताम्रकर आया और डरा धमका कर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रूपये पैसो की मांग करने लगा। मना करने पर दोनों एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डण्डा से मारपीट कर चाकू से वार किया मारपीट होते देख प्रार्थी के दोस्त बीच बचाव करने आया तो उसे भी गुलशन ताम्रकर हाथ मे रखे गाड़ी की चाबी से सिर के पीछे मारकर घायल कर दिया। इस पर चौकी चिखली मे धारा 296, 115, 351(2), 119(1), 3(5) भा.न्या.सं., 25,27आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई और तत्काल उनके दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा आरोपियों की पतासाजी कर विश्वस्त सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी बादल उर्फ विश्वा ताम्रकर पिता शिवा ताम्रकर उम्र 20 साल व गुलशन ताम्रकर पिता शिवा ताम्रकर उम्र 22 साल दोनों निवासी ग्राम बोरी जो आदतन बदमाश है उन्हें पकड़ा गया। घटना में प्रयुक्त डण्डा और चाकू को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। चूंकि आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम अनेक अपराध दर्ज है। इससे उन दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बताया गया है कि आगे भी इसी तरह असामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध सतत् अभियान कार्यवाही जारी रहेगी।

उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, मिर्जा असलम बेग, सिन्धु सिन्हा, देवेन्द्र ब्रम्हणकर, किशोर मार्बल चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

गणेश पर्व प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण आज निगम सभागृह में

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार गत वर्ष भी नगर निगम द्वारा गणेश पर्व प्रतियोगिता आयोजित किया गया था, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त गणेश समितियों को पुरूस्कृत किया जाना है। उक्त कार्यक्रम आज 4 सितम्बर बुधवार को अपरान्ह 12:00 बजे निगम सभागृह में आयोजित किया गया है। आयोजन के संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि संस्कारधानी की परंपरानुसार गत वर्ष नगर में भव्य गणेश पर्व मनाया गया, गणेश पर्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी प्रतियोगिता अ तथा ब वर्ग में आयोजित किया गया, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार प्राप्त गणेश समितियों को पुरूस्कार वितरण किया जाना है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गणेश प्रतियोगिता पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 4 सितम्बर दिन बुधवार को नगर निगम सभागृह में अपरान्ह 12:00 बजे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। उन्होंने पार्षदों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है, इसके अलावा गणेश समिति के पदाधिकारियों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं से उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

शिवलिंग क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

धार्मिक भावनाओं से जुड़े होने के कारण पुलिस की त्वरित कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पेंड्री वार्ड में एक युवक द्वारा हिंदुओं के आराध्य देव भगवान शिव के लिंग विग्रह को क्षतिग्रस्त कर दिए जाने ?से पुलिस ने उसे पकड़ कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

घटना लालबाग थाने की है। शिव लिंग को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है। लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने बताया कि पेंड्री वार्ड का प्रार्थी राकेश झारिया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके घर पास एक शिव मंदिर पिछले साल श्रावण मास में उनके द्वारा निर्माण कराया गया है जिसकी लोग पूजा अर्चना करते है। पड़ोसन ने बताई कि उसका लड़का प्रकाश गनवीर ने शिव मंदिर में रखे शिवलिंग को रात में 3 बजे तोड़ दिया है तब जाकर देखे तो शिवलिंग नीचे जमीन में टूटा हुआ पड़ा था। तब प्रकाश गनवीर को बुलाकर पूछा गया तो वह अपनी मां को गाली देने लगा कि तुम क्यों बताई हो। प्रकाश गनवीर के द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाते हुए मंदिर के शिवलिंग को तोड़ दिए जाने की रिपोर्ट पर अपराध कमांक 366/24 धारा 298 बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त घटना धार्मिक भावनाओं से जुड़े होने व घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं उनके मार्गदर्शन व दिशानिर्देश पर स्वयं अपने नेतृत्व में घटना आमजनो की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने एवं घटना स्थल के आस पास के लोग आक्रोशित होने तथा लोक शांति भंग होने की पूर्ण संभावना होने से कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रकाश गनवीर पिता सुखदेव गनवीर उम्र 30 वर्ष निवासी पेंड्री को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया तथा इसकी सूचना परिजनों को दी गई।

तत्पश्चात न्यायिक रिमांड वास्ते मान. न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में स्वयं उनके सहित उप निरीक्षक गीतांजली सिन्हा, आरक्षक राकेश धुर्वे, प्रशांत भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही।

सीईओ जिला पंचायत ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में मिशन जल रक्षा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मिशन जल रक्षा अंतर्गत आगामी कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में चर्चा की गई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि मिशन जल रक्षा के सफल क्रियान्वयन से जिले के जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन में महत्वपूर्ण सुधार, स्थानीय जलवायु और जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए एक प्रयास है। उन्होंने जिले में चल रहे मनरेगा रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी पूर्व में निर्मित पुराने निर्माण कार्यों की स्थिति का निरीक्षण करें और उनकी मरम्मत की जरूरत का मूल्यांकन करें। जिले में स्थित पुराने जल संरक्षण संरचनाओं तालाब, कुएं, जलाशय और नहरों की सूची तैयार कर संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने और सुधारात्मक कार्य करने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि मिशन जल रक्षा के तहत जिले में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं और निर्माण गतिविधियों पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में जल सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने शासन के निर्देशानुसार पिछड़े वर्गों के सर्वे को शीघ्रता से पूरा करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के सर्वे उन व्यक्तियों और समूहों की पहचान के लिए किया जा रहा है, जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हैं, ताकि उनके विकास के लिए आवश्यक योजनाएं और नीतियां तैयार की जा सकें।

उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में जेम पोर्टल पर एंट्री से पूर्व जीएसटी और टीन नंबर को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पंजीकृत करने के लिए निर्देश दिए। सभी शासकीय खरीद और आपूर्ति प्रक्रिया जेम पोर्टल पर सुचारू रूप से संचालित करने और कर संबंधी सभी अनुपालन सही तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को 15वें वित्त के निर्धारित मानकों और योजनाओं के अनुसार गुणवत्तायुक्त शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करने कहा। जिले के सभी परिवारों के आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए पंचायत स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट उन्नति, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा धुमंतू पशुओं को गौशालाओं में भेजने और उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था करने के निर्देशित किया।

ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, स्कूटी चालक हुआ गंभीर रूप से घायल

घायल को बेहतर ईलाज हेतु हाईटेक अस्पताल भिलाई में भर्ती किया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ चिचोला मुख्य मार्ग पर स्थित नेहरू महाविद्यालय के पुराने भवन के पास ट्रक चालक और स्कूटी चालक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्राम अण्डी निवासी 24 वर्षीय प्रार्थी भूपेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया की, मेरा भाई मुकेश कुमार वर्मा पिता झनक राम वर्मा उम्र 30 साल निवासी ग्राम अण्डी थाना बोरतलाब दिनांक 01 सितंबर को अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी-08-एडब्ल्यू-5440 में ग्राम अण्डी से ग्राम कल्याणपुर होते हुये घर का राशन समान लेने के लिये डोंगरगढ आ रहे थे। दोपहर 03:00 बजे से 03:30 बजे के बीच डोंगरगढ़ - चिचोला रोड पुराना कालेज के सामने पहुंचे थे, तभी ट्रक क्रमांक सीजी-04-डीई-7034 का चालक अपनी ट्रक को काफी तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।जिससे मेरे भाई के सिर, मस्तक व दाहिने पसली में चोंट आयी है।जिसे ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ लेकर गये जहां से ईलाज पश्चात मेडिकल कालेज अस्पताल पेन्ड्री राजनांदगांव रिफर कर दिये, जहां से बेहतर ईलाज हेतु हाईटेक अस्पताल भिलाई में भर्ती किये है। जहां ईलाज जारी है, एक्टीवा भी सामने से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना को तुषार वर्मा निवासी गाजमर्रा व आसपास खड़े लोग देखे है। अपने भाई को ईलाज हेतु भिलाई लेके चले गये थे इसलिये घटना दिनांक को रिपोर्ट कराने नही आ सका था इसलिये आज दिनांक को रिपोर्ट कर रहा हूं, कार्यवाही चाहता हूं।

लखोली में पोला पर्व पर बैल दौड़ संपन्न, दर्शकों का लगा रहा रेला मेला

राजनांदगांव (दावा)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली में छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्व पोला पर बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का आनंद उठाने बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित हुए जिससे मेले जैसा माहौल रहा। समिति के अध्यक्ष भानु मरकाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पोला त्यौहार के अवसर पर लखोली स्कूल चौक पुराना पुलिस चौकी के पास बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लखोली सहित आसपास के क्षेत्र के लोग अपने बैलो को विशेष सजावट के साथ बड़ी संख्या में प्रतियोगिता में शामिल हुए। लखोली में हुए बैल दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम की लोगों ने सराहना की है। प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागियों को क्रमानुसार पुरस्कृत किया गया। जिसमें बैल दौड़ में प्रथम लीखन यादव लखोली दुर्गा चौक को मिला। ईनाम के तौर पर चांदी का पायल 3 तोला और 500 रुपये नगद दिया गया।

अनमोल दावा

> **संसार का कड़वा सच है, इंसान अपने लिए नहीं अपनों के लिए ज्यादा परेशान रहता है।**

कब रुकेगी हिंसा, विपक्ष शासित राज्यों की छोटी घटना पर जवाबतलब करने वाली केंद्र मणिपुर के मामले में साइलेंट क्यों ?

मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया भी शुरू से सवालों के घेरे में रहा है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, उनसे छोटी-सी घटना पर भी केंद्रीय गृहमंत्रालय तुरंत जवाब तलब कर लेता है, मगर मणिपुर के मामले में मौन साधे हुए ही दिखता रहा।

एक भी ऐसा संकेत नजर नहीं आता, जिससे पता चले कि सरकार मणिपुर में हिंसा रोकने को लेकर गंभीर है। सवा साल से ऊपर हो गए, मगर अब भी वहां कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष जारी है। इन समूहों के उग्रवादी संगठन लक्षित हिंसा करने लगे हैं। वे पहले दूसरे समूह के लोगों के घरों को चिह्नित करते हैं और फिर हमला कर देते हैं। इंफल के पश्चिमी हिस्से में हुआ ताजा हमला इसका उदाहरण है। उसमें एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। घायलों को गोली लगी है।

इस घटना के बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने संकल्प लिया है कि वे किसी भी चरमपंथी गुट को कट्टरपंथी और राष्ट्र-विरोधी नहीं बनने देंगे। विचित्र है कि वे कई मौकों पर दोहरा चुके हैं कि स्थिति काबू में है, अब वे अरामबाई तेंगगोल जैसे चरमपंथी संगठनों पर शिकंजा कसने की बात कर रहे हैं। मणिपुर सरकार के गृहमंत्रालय ने कहा है कि ताजा घटना में उग्रवादियों ने ड्रोन का उपयोग कर लक्षित हिंसा की। समझना मुश्किल है कि मणिपुर में सक्रिय उग्रवादियों की गतिविधियों पर नजर रखना इतना मुश्किल क्यों बना हुआ है और वे कैसे अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों का इस्तेमाल कर पा रहे हैं।

छिपी बात नहीं है कि मणिपुर का सारा संघर्ष सरकार की शिथिलता की वजह से पैदा हुआ है। शुरू में ही अगर सरकार ने दोनों समुदायों के बीच पैदा हुई गलतफहमी को दूर करने का प्रयास किया होता, तो वैमनस्यता की आग इस हद तक न भड़कने पाती। मगर सरकार ने न तो बातचीत की पहल की और न उपद्रवियों पर काबू पाने की कोशिश। यही वजह है कि पिछले वर्ष शुरू हुई हिंसा के बाद कई थानों और शस्त्रागारों से हथियार लूट लिए गए और उनका हिंसा में इस्तेमाल होता रहा।

पुलिस की मौजूदगी में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, उनसे बलात्कार और उनकी हत्या तक की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर उन पर कार्रवाई में तत्परता नहीं दिखाई गई। अब तक दो सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हजारों लोग अपना घर-बार छोड़ कर शिविरों में रहने को मजबूर हैं। हजारों घर और पूजा स्थल तोड़-फोड़-जला दिए गए। इतना कुछ हो जाने के बाद अगर मुख्यमंत्री अब संकल्प ले रहे हैं कि वे उग्रवादी संगठनों को राष्ट्र-विरोधी और कट्टरपंथी नहीं बनने देंगे, तो हैरानी का विषय है।

मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया भी शुरू से सवालों के घेरे में रहा है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, उनसे छोटी-सी घटना पर भी केंद्रीय गृहमंत्रालय तुरंत जवाब तलब कर लेता है, मगर मणिपुर के मामले में मौन साधे हुए ही दिखता रहा। शुरू-शुरू में वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों को सख्ती के आदेश दिए गए थे, तब हिंसा रुक गई थी, मगर बाद में किस वजह से उस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की गई, समझना मुश्किल है।

ऐसा नहीं माना जा सकता कि अगर केंद्र सरकार चाहे, तो वह मणिपुर जैसे छोटे राज्य में हिंसा को नहीं रोक सकती। इस मामले में मुख्यमंत्री की जवाबदेही भी तय नहीं की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वहां घटनाओं की जांच और राज्य पुलिस की कार्रवाइयों आदि पर नजर रखने के लिए एक दल गठित कर दिया, मगर राज्य सरकार के सहयोग के अभाव में उसके सकारात्मक नतीजे नजर नहीं आते।

जाति के चक्रव्यूह में अपर कास्ट वूमन

शैलेन्द्र सिंह

समाज में एक बड़ा हिस्सा अपर कास्ट वूमन का है, जो आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होते हुए भी हाशिए पर है और उस की चर्चा कहीं नहीं हो रही।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट का जवाब देते कहा कि केंद्र की सरकार चाहे युवा हो या किसान सभी को चक्रव्यूह में फंसाने का काम कर रही है, राहुल ने इसी के साथ जातीय जनगणना का मुद्दा भी उठाते हुए हलवा सेरेमनी का जिक्र कर दिया. राहुल गांधी ने बजट के हलवा सेरेमनी की फोटो दिखाते कहा, 'इस फोटो में कोई पिछड़ा, दलित या आदिवासी अफसर नहीं दिख रहा है.' यह सुन कर निर्मला हंस पड़ीं और तभी राहुल ने कहा कि देश का हलवा बंट रहा है और वित्त मंत्री हंस रही हैं.

राहुल ने आगे कहा कि 20 अफसरों ने हलवा बनाया और अपने 20 लोगों में बांट दिया. बजट कौन बना रहे हैं, वही दो या तीन प्रतिशत लोग. हम जातिगत जनगणना ला कर इस विषमता को खत्म करेंगे. राहुल गांधी ने महाभारत युद्ध में चक्रव्यूह बना कर अभिमन्यु की हत्या का जिक्र करते कहा कि 6 लोगों कर्ण, द्रोणाचार्य, दुशासन, अश्वत्थामा, कृपा, शकुनि, दुर्योधन ने मिल कर अभिमन्यु की हत्या की थी. आज भी 6 लोगों ने अपने चक्रव्यूह में देश को फंसा रखा है. ये 6 लोग हैं नरेंद्र मोदी, अमित शाह, अजीत डोभाल, मोहन भागवत, अंबानी और अडानी.

इस के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर एकदूसरे से जातीय जनगणना के मुद्दे पर भिड़ गए, इन दोनों की बहस में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कूद गए, राहुल गांधी ने कहा था कि देश का बजट बनाने वालों में दलित और ओबीसी जातियों को शामिल नहीं किया जाता. राहुल ने जाति जनगणना कराने की डिमांड भी रखी थी. अनुराग ठाकुर ने इस का जवाब देते कहा कि जिस को जाति का पता नहीं, वह गणना की बात करता है.

यह बात राहुल गांधी को आपत्तिजनक लगी, उन्होंने कहा कि उन का अपमान किया गया. अखिलेश यादव भी बहुत में थे, उन्होंने कहा कि सदन में किसी की जाति कैसे पूछी जा सकती है. राहुल गांधी गुस्से और अखिलेश की जोड़ी ने भाजपा को बैकफुट पर डाल दिया.

असल में राहुल गांधी केवल पिछड़ा, दलित या आदिवासी अफसरों की बात कर रहे थे. इस में एक सब से बड़ी जाति का जिक्र करना वे भूल गए, वह है सवर्ण महिलाएं, सवर्ण महिलाएं एक ऐसा वर्ग है जो संपन्न और शिक्षित होने के बाद भी बेचारा है.

अपर कास्ट वूमन की बात कौन करेगा

राहुल गांधी ने केवल पिछड़ा, दलित या आदिवासी अफसरों की बात की. इस के पहले चुनावी भाषणों में भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जातियों का जिक्र किया था. उन में महिला, युवा, किसान और गरीब का नाम लिया था. राहुल गांधी हों या नरेंद्र मोदी दोनों देश की आबादी का 10 फीसदी करीब 12 करोड़ अपर कास्ट महिलाओं के वर्ग को नहीं देख रहे हैं. यह वे महिलाएं है जो अब आत्मनिर्भर भी हैं. लखनऊ की रहने वाली अमृता सिंह पढ़ीलिखी हैं, जौब करती हैं. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 'औरत का घर न मायका है और न ससुराल'.

इस के जवाब में ढेर सारी महिलाओं के दर्द फूट पड़े सब ने करीबकरीब इस बात का समर्थन किया और कहा, 'इस कारण हो महिलाएं बेचारी हैं.' ये महिलाएं सवर्ण वर्ग ही हैं. धर्म के शिकंजे में जकड़ी हुई हैं, राजनीति में दिख जाते हैं. चुनावी आंकड़ों में देखें तो साफ पता चलता है कि इन के पास पैसा और लोग दोनों ही नहीं होते जो इन को चुनाव लड़ा सकें. ऐसे में चुनाव जीतने के लिए पैसा घरपरिवार लगाता है.

चुनाव जीतने के बाद महिला की जगह उस का बेटा, पति या दूसरा कोई करीबी कुरसी संभालता है. प्रधानपति, सांसद पति, विधायक पति प्रतिनिधि बन कर इन का काम करते हैं. कभी पुरुष नेता के बारे में नहीं सुना होगा किं उस की जगह उस की पत्नी कामकाज देख रही है. सवर्ण औरतों की हालत यहां ज्यादा खराब है क्योंकि वह बंधन तोड़ने में सफल नहीं हो पाई है. सामाजिक बंधन, पारिवारिक बंधन और धार्मिक बंधन की यही सब से अधिक शिकार होती हैं. इन को ही सब से ज्यादा परदा करना होता है. किसी गैरमर्द के साथ इन का उठना, बैठना और बोलना खराब माना जाता है.

महिलाएं उठाएं जिम्मेदारी

आज सोशल मीडिया का दौर है. हर महिला के हाथ में स्मार्टफोन है, जिस पर फेसबुक, इंस्टाग्राम और कई साइटें हैं जिन संस्कारी हैं. धर्म के नाम पर इन को ऐसे कामों में लगाए रखा जाता है जिन का इन के जीवन में कोई लाभ नहीं है. ये पति के कल्याण के लिए व्रत रखती हैं, पुत्र के अच्छे भविष्य के लिए व्रत रखती हैं. ये कभी निर्जला व्रत रखती हैं तो कभी पैदल कलशयात्रा नंगेपांव करती हैं. धार्मिक हादसों में सब से ज्यादा मरने वाली महिलाएं ही होती हैं. उत्तर प्रदेश के हाथरस में मरने वाले 122 लोगों में से 116 महिलाएं थीं.

अपर कास्ट महिलाएं नौकरी कर रही हैं. ये राजनीति में भी हैं और बिजनैस भी कर रही हैं. इस के बाद भी इन की चर्चा कहीं नहीं हो रही है. महिलाओं को राजनीति में आरक्षण मिला है. निकाय और पंचायत चुनावों में 33 फीसदी का आरक्षण मिला है. इस की वजह से छिटपुट इन के चेहरे पर महिलाओं ने अपने खाते खोल रखे हैं. ज्यादातर महिलाओं के पति, पिता इन पर नजर रखते हैं. महिलाएं अपने मनपसंद दोस्त से बात नहीं कर सकतीं. किसी पुरुष मित्र से मिलने जाती हैं तो पति साथ रहता है फोन से ले कर मित्र से मिलने तक की आजादी नहीं है इन को. कई बार जब वे अपना टाइम पास करने के लिए किटी पार्टी में जाती हैं तो पति वहां छोड़ने और लेने जाते हैं. इस तरह उन को व्यक्तिगत आजादी नहीं है.

लखनऊ हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश तिवारी कहते हैं, ''पारिवारिक विवादों में सब से अधिक विवाद का कारण मोबाइल फोन हो गया है. पति व पत्नी के बीच यह झगड़े का सब से बड़ा कारण है. यह झगड़ा तलाक तक पहुंच जाता है. महिलाएं अब आजादी चाहती हैं लेकिन तमाम सोच बदलने के बाद भी महिलाओं को आजादी देने के मसले में झगड़े बढ़ रहे हैं. इस वर्ग की परेशानियों को समझने की जरूरत है.''

सेंट्रल बैंक औफ इंडिया में सीनियर मैनेजर सुप्रिया वर्मा कहती हैं, 'महिलाएं अपने कमाए पैसों पर भी अपना अधिकार नहीं रखतीं. बैंक खाता खोलना, बचत योजनाओं में हिस्सा लेना, होम लोन लेना, आईटीआर दाखिल करने जैसे तमाम मुद्दों पर अपनी राय नहीं रखतीं, पति पर निर्भर होती हैं. अगर महिलाएं ये काम खुद कर लें तो पति को दूसरे उपयोगी काम करने का समय मिलेगा. दूसरे, वे खाली समय का सही उपयोग कर सकेंगी.''

घर, परिवार और समाज में आर्थिक फैसले करने में महिलाओं को पहल करनी चाहिए, तभी वे सही मानो में आत्मनिर्भर बन सकेंगी. केवल नौकरी करने या पैसे कमाने से आत्मनिर्भर नहीं बन पाएंगी. आर्थिक फैसले वे खुद लें. इस के लिए उन को पढ़ना पड़ेगा, समझना पड़ेगा, जानकार लोगों से बात करनी पड़ेगी. जो समय वे किटी पार्टी या गपशप में लगाती हैं, उसे न कर के उन को अपनी जानकारी बढ़ाने का प्रयास करना होगा.

सरकार को इस अपर कास्ट वूमन को भी एक वर्ग मान कर देखना होगा. समाज में यह व्यवस्था करनी होगी कि ये महिलाएं धर्म के जाल से निकल कर उत्पादक कामों में लगें. जिस तरह से राहुल गांधी हर जगह दलित, पिछड़ा और ओबीसी को देखते हैं उसी तरह से अपर कास्ट वूमन को भी अलग वर्ग में वे देखें. वे प्रधानमंत्री के 4 वर्गों- महिला, युवा, किसान और गरीब - में अपर कास्ट वूमन को अलग से देखें. तभी इस सब से बड़े वर्ग की तरक्की हो सकती है. अपर कास्ट महिलाओं को केवल महिला वर्ग में रखने से काम नहीं चलेगा. यह आर्थिक विकास की सब से बड़ी धुरी है. इन को मुख्यधारा में शामिल करना बेहद जरूरी है. तभी देश व समाज तरक्की करेगा.

सरिता से साभार

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 249 : सीता जी ने श्री राम से कहा, सात जन्मों तक साथ चलना है, फिर वन के पथ पर क्यों नहीं?

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम ने सीता जी को समझाने का प्रयत्न किया, ''राजा के साथ-साथ राज परिवार के सदस्यों का भी अपना कुछ नहीं होता है। राजा राज्य का होता है।उसका समय राज्य के लिए है। उसकी हर चेष्टा, प्रत्येक घड़ी राज्य के कल्याण के लिए ही समर्पित होती है। तुम एक साधारण नारी नहीं हो सीता! तुम वीरांगना हो। बुद्धिमती हो। तुम्हारी आवश्यकता राम के वनपथ से कहीं अधिक अयोध्या के कल्याण पथ पर है।''

सीता जी ने विनम्रतापूर्वक श्री राम को उत्तर दिया, ''हे अपराजेय! आपका वन जाना अयोध्या के इतिहास का सबसे कठिन निर्णय है।वन में भी आप सुरक्षित न रह पाएं, इसके लिए षड्यंत्रकारी शक्तियां पूरा प्रयत्न करेंगीं। विशेष रूप से जो सदाचारी तपस्वी धर्म की रक्षा के लिए वन क्षेत्र में निवास करते हैं, उन्हें बाधित करने वाली आसुरी शक्तियां आपकी उपस्थिति से कठिनाई का अनुभव करेंगी।''

रानी सुमित्रा ने सीता जी से कहा, ''यही कारण है पुत्री कि तुम्हें इस कठिन अभियान का हिस्सा बनने के लिए राम के साथ वन नहीं जाना चाहिए।''

इस पर माता कौशल्या ने सीता जी का समर्थन करते हुए कहा, ''मैं स्वयं यही चाहती हूं कि सीता वन न जाए लेकिन अगर वन के कंटकपूर्ण मार्गों पर वीरांगना सीता ने राम के साथ चलने की इच्छा व्यक्त की है तो इसका सम्मान होना चाहिए। सीता एक योद्धा राजकुमारी है। उसके वन जाने से राम की शक्ति और बढ़ जाएगी।''कुछ देर कक्ष में निस्तब्धता छाई रही। आज अयोध्या से केवल एक राजकुमार का वन की ओर प्रस्थान नहीं होगा बल्कि उनके साथ स्वेच्छा से उनकी धर्मपत्नी सीता ने भी वन के कष्टों को स्वीकार कर लिया है। श्री राम सीता के प्रस्ताव से पहले तो सहमत नहीं थे लेकिन सीता जी ने उनकी ओर देखा, मानो कहना चाहती हों, ''आर्य पुत्र! सात जन्मों तक साथ चलने का यह कैसा साथ होगा, जो मैं वन के पथ पर आपके साथ दो कदम चल न सकूं।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -167

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रामाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 166 का हल

रामचरितमानस भक्ति शास्त्र का अपूर्व ग्रंथ - डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र

डॉ. लोकेश शर्मा

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी के अमर ग्रंथ ''रामचरितमानस'' पर अनेकों विद्वानों ने भाष्य एवं टीकाएं लिखी हैं। इन टीका-ग्रंथों से हमें तुलसी की रामायण को समझने में आधिकाधिक सहायता भी मिलती है। वस्तुतः ''रामचरितमानस'' सिद्धांत ग्रंथ है। और सिद्धांतों को हृदय में उतारने के लिए श्रेष्ठ चिंतक एवं विचारक होना पड़ता है जो कि हर किसी के लिए संभव नहीं है। इस स्थिति में ऐसे ग्रंथ जो किसी विद्वान विचारक, चिंतक एवं मीमांसक द्वारा लिखे गए हों, हमारी सहायता पहुंचाते हैं।

आज डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की पुण्यतिथि पर विशेष



मानस मर्मज्ञ डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की पुण्यतिथि पर हम उनके एक ऐसे ही ग्रंथ की यहां चर्चा करेंगे। जिसमें उन्होंने ''रामचरितमानस'' के सिद्धांतों की बहुत सरल व्याख्या की है।उनकी व्याख्या में उनकी विद्वता और उनके जीवन दर्शन को देखा जा सकता है। उनके इस ग्रंथ का नाम है - ''मानस मंथन''। डॉ मिश्र ने इस ग्रंथ में गोस्वामी जी की रामायण में जितने भी सिद्धांत हैं, उन सिद्धांतों की तार्किक एवं भावपूर्ण व्याख्या की है। इसके चार अध्याय हैं। भूमिका खंड, आराध्य खंड, आराधक खंड एवं आराधना खंड। इसके भूमिका खंड में मिश्र जी ने बहुत महत्वपूर्ण बात कही है, ''रामचरितमानस की असली महत्ता काव्य-चमत्कार के कारण नहीं, किंतु रामकथा के कारण है। यह कथा लोककल्याण (सब कर हित) के दृष्टिकोण से लिखी गई है।''

डॉ. मिश्र के इस ग्रंथ की विशेषता यह भी है कि कोई पाठक अपनी सुविधा और सार रूप में इसे पढ़कर साहित्य और समाज के संबंधों को भी समझ सकता है। साहित्य और समाज का समन्वय तुलसीदास जी की रामायण में है पर इस समन्वय के सिद्धांत को मिश्र जी के ''मानस मंथन'' से अच्छी तरह समझा जा सकता है। मानस के सिद्धांतों को समझने में ''मानस मंथन'' का अध्ययन अवश्य किया जाना चाहिए। और जब सिद्धांतों को समझ कर रामचरितमानस का पारायण करें तो आनंद की मात्रा द्विगुणित हो जाएगी। डॉ. मिश्र उच्च कोटि के विद्वान थे और उनके रचना संसार को देख व पढ़कर इसे सहज जाना जा सकता है।गद्य और पद्य में उन्होंने श्री राम को अपना आराध्य मानते हुए तर्क सम्मत विचार पाठक वर्ग को दिए हैं। ''मानस मंथन'' में डॉ. मिश्र जी ने तुलसीदास जी रचित ''रामचरितमानस'' के सिद्धांतों को बहुत सरल रूप में पाठकों के समक्ष रखा है।

डॉ. मिश्र ने अपने इस ग्रंथ में प्रभु श्रीराम को निराकार ब्रह्म के रूप में देखते हुए कहा कि 01. वे सर्वव्यापी हैं। 02. वे गुणातीत हैं। 03. वे परम शक्तिशाली हैं। वहीं साकार ब्रह्म के रूप में देखते हुए मिश्र जी ने बताया कि 01. निराकार ब्रह्म साकार क्यों बनता है। 02. निराकार ब्रह्म साकार कैसे बनता है। 03. साकार होते हुए भी राम आखिर ब्रम्ह ही हैं, इसलिए वे अद्वितीय हैं। डॉ. मिश्र के उक्त तर्कों को इस ग्रंथ में पढ़कर पाठकवर्ग इस निर्णय पर पहुँच सकता है कि श्रीराम आखिर में कौन हैं? ''मानस मंथन'' ग्रंथ का चौथा खंड आराधना खंड है। इस खंड के पूर्वार्ध में विरति और विवेक निरुपण करते हुए डॉ. मिश्र ने मानस में तुलसीदास जी द्वारा स्थापित सिद्धांतों की सरलतम व्याख्या की है। इसी खंड के उत्तरार्ध में मिश्र जी ने हरि-भक्ति-पथ-निरूपण करते हुए संदेश दिया कि भक्ति अत्यंत सुगम होकर भी परम दुष्प्राप्य है। इसी दुष्प्राप्य भक्ति को सुगम बनाने का नुस्खा बताते हुए डॉ. मिश्र कहते हैं कि विश्वास मानकर रामचरितमानस का निरंतर श्रवण करने से भक्ति सुगम हो जाती है। उन्होंने ''मानस मंथन'' में यह सिद्ध कर दिया है कि गोस्वामी जी का ''रामचरितमानस'' भक्ति शास्त्र का अपूर्व ग्रंथ है। डॉ. मिश्र की आज पुण्यतिथि है।उनके इस ग्रंथ को पाठक वर्ग को अवश्य पढ़ना चाहिए। उनके प्रति यही हमारी श्रद्धांजलि होगी।

गायत्री नगर, राजनांदगांव मो-96915-62738

राशिफल

मेष

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

वृषभ

आज का दिन फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में नयी-नयी खुशियां आयेंगी। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आपको धन लाभ होगा।

मिथुन

आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है।

कर्क

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिए आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको कोई काम करने के लिए कह सकता है।

सिंह

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होंगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

कन्या

आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

तुला

आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है।

वृश्चिक

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नये सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे।

धनु

आज आपका दिन शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिए कोई सर्टिफिकेट भी मिल सकता है।

मकर

आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है। बाहर घूमने-फिरने में आज आपका समय बीतेगा।

कुंभ

आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा।

मीन

आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद करेगा। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी कोई व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। उनका काम आज अच्छा रहेगा।

सामयिक चर्चा

अपने-अपने पालतू जानवर

अखबार पढ़कर,
बानी बोले - ''गजाधर!
आज हम आपको
न्यूयार्क अमेरिका की खबर सुनाते हैं
इंसानों और पालतू जानवरों के बीच
गहरा संबंध होता है।
हमारे पालतू जानवर,
हमारे व्यक्तित्व को दर्शाते हैं।
आमतौर पर बिल्लियां,
रचनात्मक लोगों द्वारा पसन्द की जाती हैं।
और वहीं कुत्ते, अनुशासित लोगों के
पसन्दीदा होते है।
इस पर गजाधर ।
हम आपसे पूछते हैं,
राजनीतिक लोगों मतलब नेताओं की
कौन से जानवर प्रिय होते हैं?''
गजाधर बोले मुस्कराकर-
''गधे मतलब गधे वोटर!''

- गिरीश बख्शी

महिला सुरक्षा की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी का भाजपा सरकार के खिलाफ काली पट्टी लगाकर मौन रहकर विरोध प्रदर्शन

भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पुरी तरह फेल, इसलिए बढ़ गई महिलाओं पर हिंसा व अत्याचार- इन्द्रशाह मंडावी

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छग में महिलाओं पर बढती हिंसा, अत्याचार और तेजी से बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के खिलाफ आज नवीन जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय मोहला में काली पट्टी लगाकर एक दिवसीय मौन धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार में प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था का मुददा उठाते हुए प्रदेश में महिला सुरक्षा की मांग को लेकर मौन धारण कर विरोध प्रदर्शन किया।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के सभी विंग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मोहला में विधायक इन्द्रशाह मंडावी के नेतृत्व व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में भाजपा सरकार के खिलाफ एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ता दोपहर 12 बजे मोहला-मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी की अगुवाई में मौन विरोध प्रदर्षन शुरू किया। भाजपा सरकार के खिलाफ किए गए दो घंटे विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता काली पटटी लगाकर मौन धारण किए हुए थे। प्रदर्शन के दौरान किसी भी पदाधिकारी व नेता का मंच में संबोधन नहीं हुआ। सभी दो घंटे तक मौन धारण किए रहे। प्रदर्शन में पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी अगनूराम कुमेटी, दिलीप सिंगने, मिर्जा नूर बेग, उपेन्द्र मिश्रा, कविता राणा, बालचंद कोरेटी, कन्हैया राजपूत, शाहिदा बेगम, गमिता लोन्हारे, सुभ्रदा नेताम, मीना मांझी, साधना सिह, बिमला कलिहारी, लता साव, उत्तरा निशाद, मनीष बंसोड, लोकदीप बोरकर, दादु शेंडे, पन्ना मेश्राम, रामेन्द्र गोआर्य, राजकुमार धुव, जैनुद्दीन गोरी, रामस्वरूप खंडेलवाल, सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रदेश में महिला हिंसा व अपराधों में हुई बढ़ोतरी व लचर कानून व्यवस्था को लेकर विधायक व जिलाध्यक्ष का पत्रकार वार्ता

प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय- इन्द्रशाह मंडावी

मोहला-मानपुर के विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने कहा की प्रदेश में कानून व्यवस्था पुरी तरह फेल हो गई है। हालात बद से बदतर और दयनीय हो गई है। कांग्रेस विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है प्रदेश में कानून व्यवस्था का हाल बुरा है। महिलाओं पर अत्याचर, हिंसा, और दुष्कृत्य के मामले काफी बढ गए है। महिलाएं भाजपा के राज में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। राजधानी रायपुर में सामूहिक बलात्कार को न केवल छिपाया जा रहा है बल्कि पुलिस आरोपी को बचाने में लगी हुई हे। इसी तरह भिलाई में चार वर्षीय मासूम बालिका से दुष्कृत्य का मामला सामने आया है। इस मामले में भी पुलिस की भूमिका पुरी तरह संदिग्ध नजर आ रही है। पुलिस आरोपी को संरक्षण देने व बचाने में जुट गई है। आज प्रदेश में महिलाएं कही पर भी सुरक्षित महसूस नही कर रही है। कांग्रेस विधायक ने कहा की भाजपा सरकार के मुखिया सीएम व गृहमंत्री से कानून व्यवस्था संभल नही पा रहा है। उन्हें नैतिकता के नाते पद छोड़ देना चाहिए।

प्रदेश में महिलाए सुरक्षित नही - अनिल मानिकपुरी

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी की अगुवाई में सोमवार को विधायक इन्द्रशाह मंडावी व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया की भाजपा की साय सरकार के नौ महिने के कार्यकाल में महिलाएं अपने को असुरक्षित पा रही है। राजधानी में दिनदहाडे गोलिया बरस रही है तो महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कृत्य का मामला सामने आ रहा है। जिलाध्यक्ष ने खुलासा किया की भाजपा के मात्र नौ महिने के कार्यकाल में महिला हिंसा व अपराध से जुड़े लगभग 3100 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसमें अकेले दुष्कृत्य का 600 से अधिक मामले सामने आए है। प्रदेश के बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर में महिला अपराधो की संख्या में तेजी से बढोतरी हुई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया को प्रदेश के भाजपा सरकार में आज महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होने भाजपा सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा की आज प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पुरी तरह चरमरा गई है। छग प्रदेश देश का ऐसा इकलौता स्टेट बन गया है जहां पर कलेक्टोरेट जल जा रहा है और शासन प्रशासन तमाशबीन बनी नजर आ रही है। नौकरशाह पुरी तरह से बेलगाम हो गए हे। जिसके कारण आज शाति का टापू कहलाने वाला छग अपराधगढ़ बन कर रह गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्रदेश सरकार से महिला सुरक्षा के लिए कडे कदम उठाने की मांग रखी।

पहला कॉलम...

जिला स्थापना दिवस की उपेक्षा, जिला हमने ही बनाया है, भाजपाई नहीं संवारेंगे- मनराखन देवांगन

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस कार्यकाल मे जिला बने आज 3 सितम्बर को दो वर्ष पूरे हो गये। बीते वर्ष स्थापना दिवस 3 सितम्बर 2023 को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था। लेकिन भाजपा के कार्यकाल को 9 माह हो गये और इस वर्ष जिला स्थापना दिवस नहीं मनाया गया। इससे भाजपा के नेताओं की मानसिकता पता चलती है, कि वे खैरागढ़ को जिला बनाना ही नहीं चाहते थे। मनराखन देवांगन ने आगे बताया की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई सहित संपूर्ण क्षेत्रवासियों की मंशानुरूप जिला निर्माण कर हम सबको सौगात दी लेकिन अब कांग्रेस की सरकार नहीं है और 9 महीने में ही भाजपा की कथनी और करनी हम सबको साफ नजर आ रही है। स्पष्ट है कि शासन-प्रशासन एवं सत्ता में काबिज भाजपा जिला विकास के लिए कोई नई पहल नहीं कर रहे है। नये जिले की सौगात को भूलाकर शासन-प्रशासन द्वारा को आयोजन नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सबको पता है कि लंबी लड़ाई और संघर्ष के बाद हमें जिला निर्माण की सौगात मिली है। इसलिए यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला बनाया है, लेकिन भाजपा जिले को अपने वादे के अनुरूप सवारेंगी नहीं।

अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की लगातार कार्यवाही

आरोपी 150 पौवा अंग्रेजी/देशी शराब के साथ गिरफ्तार

डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में दिनांक 03 सितंबर को अवैध शराब बिक्री की सूचना पर आरोपी द्वारका प्रसाद राउत पिता सुखदेव राउत उम्र 38 साल निवासी बम्लेश्वरी वार्ड, राजीव नगर डोंगरगढ़ को उसके घर के पास अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखे हुये शराब के साथ पकड़कर आरोपी के कब्जे से 100 नग च्वाईस व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल किमती- 17500 रू. जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी, आरक्षक प्रयंश सिंह, म.आर. श्रद्धा बाघमारे का विशेष योगदान रहा है।

छात्र गोकुल कोर्राम का एकलव्य विद्यालय में चयन

प्राथमिक शाला बरेठटोला में अध्ययनरत् था

छुरिया (दावा)। प्राथमिक शाला बरेठटोला में सत्र 2023-24 में

कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् रहे छात्र गोकुल कोर्राम पिता हेमराज का चयन वर्ष 2024-25 के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में हुआ है। उनके चयन पर छात्र के माता-पिता सहित परिजनों में हर्ष व्याप्त है। छात्र गोकुल कोर्राम शुरू से ही पढ़ाई में मेघावी रहा है। छात्र ने अपनी सफ्लता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है। शाला के प्रधान पाठक नरेन्द्र साहू ने कहा कि छात्र गोकुल कोर्राम ने शाला परिवार एवं ग्राम का नाम रोशन किया है। शाला के प्रधान पाठक नरेन्द्र साहू एवं शिक्षक मनीष कुमार कुम्भकार, सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने एकलव्य विद्यालय में चयन होने पर छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

हरदी में रामनाम सप्ताह 6 से

हरदी (दावा)। शिवनाथ वार्ड नंबर 51 हरदी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 6 एवं 7 सितम्बर को दो दिवसीय रामनाम सप्ताह का आयोजन रखा गया है। इस आयोजन में सभी प्रतिभागी मंडलियों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी बरातु राम साहू, चन्द्रकृत साहू व सतानंद साहू ने दी।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर आबकारी और पुलिस विभाग मौन

गंडई पंडरिया (दावा)। स्थानीय नगर पंचायत गंडई एवं ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है, जिसमें खास तौर पर युवा वर्ग शराब एवं अन्य नशीली वस्तुओं के मकड़जाल में फंसता जा रहा है नगर सहित गांव गांव में अवैध शराब बिकने से गांव के पूरे युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहे हैं शिकायत के बाद पुलिस विभाग पीने वाले के ऊपर, कार्यवाही कर खाना पूर्ति कर रहे हैं प्रशासनिक सुस्ती एवं राजनैतिक संरक्षण के चलते शराब माफिया इन दिनों शराब बिक्री करने से बाज नहीं आ रहे हैं नगर के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला एवं अटल आवास के बीच में संचालित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान स्थित है इस दुकान का खुलने का समय सुबह 10 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है एक व्यक्ति को चार नग ही देशी पौवा देने का प्रावधान रखा गया है।

सूत्रों का कहना है कि शराब दुकान में कार्य करने वाले कर्मी एवं अवैध शराब का कार्य करने वाले के बीच तगड़ी सेटिंग के चलते एवं आबकारी विभाग पुलिस विभाग का संरक्षण होने के कारण स्टाफ की कर्मचारी दुकान से दिनदहाड़े खुलेआम शराब का खेप दे रहे हैं। इस पर प्रशासनिक अधिकारी का भी हाथ होना

- हर वार्डो में बिक रही है शराब पुलिस हुई लाचार
- मुख्य चौक चौराहों से लेकर अंदरूनी इलाकों में आसानी से मिल रही है शराब
- शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा बना सो-पीस, कोचिये चकमा देकर निकल जा रहे है

बताया जा रहा है, शराब की बिक्री पर प्रशासनिक सुस्ती होने के कारण कोचिए काफी सक्रिय होते दिखाई दे रही है।

आबकारी का नियंत्रण नहीं पुलिस भी कर रही परहेज

शहर के सभी वार्डो में अवैध शराब बिक्री की जानकारी होने के बाद भी आबकारी विभाग का इसमें नियंत्रण नही रह गया है। सूत्रों का कहना है की नगर के मुख्य चौक कहे जाने वाले तिरंगा चौक, नगर पंचायत के आसपास, पंडरिया सहित टिकरीपारा सहित अन्य जगहों में छोटे-छोटे पान ठेलों व राह चलते आसानी से शराब की बिक्री हो रही है।

इन इलाकों में रोजाना अवैध शराब बिक्री चरम पर है

पुलिस प्रशासन भी अवैध शराब बिक्री की कार्यवाही से मुंह मोड़ चुका है। अवैध शराब की बिक्री नगर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी शबाब पर है। आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी शराब दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब लाकर बेची जा रही है। सूत्रों की माने तो शराब दुकान में कार्य करने वाले स्टाफ प्रति पौवा के एवज में कुछ राशि लेकर बेधड़क खेप दे रहे है।

अवैध शराब की बिक्री को लेकर महिलाओं ने थाना प्रभारी को दिया था ज्ञापन

ज्ञात हो की विगत दिन 7 अगस्त 2024 को नगर के नजदीकी ग्राम चकनार के कई दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों ने क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री को लेकर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं किसान नेता खम्हन ताम्रकार के नेतृत्व में अवैध शराब बेचने वाले के नामजद थाना प्रभारी भीम सेन यादव को शिकायत कर इस ओर कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपा था।

> थाना प्रभारी गंडई भीम सेन यादव का कहना है की नगर में शराब कौन और किस स्थान में बेच रहा है पुख्ता जानकारी हो तो बताइए, लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस तुरंत कार्यवाही करेगी, अभी माह भर पहले एक व्यक्ति को शराब की खेप ले जाते पकड़ा था, पूछने पर उन्होंने शराब दुकान के सेल्समेन का नाम बताया तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही किए है, कार्यवाही लगातार जारी है, शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा की भी जांच करा देंगे।

> ब्लॉक अध्यक्ष गंडई भिज्ञेश यादव का कहना है कि भाजपा का सरकार, आबकारी, पुलिस विभाग मिलकर अवैध शराब बिक्री करवा रही है, पुलिस और आबकारी को अवैध शराब बिक्री कब कब हो रही है, कौन बेच रहा है यह सब जानकारी है बावजूद विभाग कार्यवाही नहीं कर रही है, जिससे गाव-गांव का माहौल खराब हो रहा है, लोग अपने ही घर में मतभेद हो रहे है, भाजपा का सरकार गांव-गांव में शराब दुकान खुलवा रही है जिससे किसानों के परिवार में अशांति वाद विवाद की स्थिति बनी हुई है, इस पर कार्यवाही होना चाहिए।

डोंगरगढ़ में शमशान घाट से खोपड़ी चोरी : तीन दिन पहले जलाई थी लाश, अस्थि लेने पहुंचे तो मिला सर गायब

समिति ने अनैतिक कार्य करने वालों पर कार्रवाई करने पुलिस को ज्ञापन सौंपा

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी पहाड़ी परिसर पर स्थित छीरपानी मुक्तिधाम से गत दिनों जलाए गए शव की खोपड़ी गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर मुक्तिधाम समिति द्वारा थाना डोंगरगढ़ में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ के सबसे पुराने छिरपानी मुक्तिधाम में लगातार शवों के साथ छेड़छाड़ की शिकायतें आ रही है। जिसे लेकर पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है।

बीते दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. चिरंजीलाल अग्रवाल के देहांत के पश्चात शवदहन किया गया था। रविवार की सुबह 11 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में शवदहन कर परिजन घर चले गए थे। शाम को 6 से 6:30 बजे तक उनके प्रतिनिधि मुक्तिधाम में थे। शाम 7:30 बजे प्रसाद दुकानदार जिसके पास चाबी रहती है ने ताला लगाया तब मुकेश नाम का युवक अंदर था। उसने छोटा गेट बाद में लगाने का निवेदन किया। रात्रि 9:30 बजे जब वह चला गया तब प्रसाद दुकानदार ने छोटे गेट का ताला भी लगा दिया सुबह 7 बजे जब परिजन अस्थि चुनने गए तब उसकी खोपड़ी गायब थी।

पूर्व में भी अनेक मर्तबा जले शव के साथ छेड़छाड़ की गई थी

छीरपानी मुक्तिधाम में जलाए गए शव के साथ छेड़छाड़ पूर्व में भी की जाती रही है। किंतु कार्रवाई के अभाव में और असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। इसके अलावा मुक्तिधाम स्थित मंदिर में गांजा शराब तथा अनैतिक लोगों का जमावड़ा भी लगा रहता है। पूर्व में भी चौकीदार के साथ मारपीट की शिकायत आपको की गई थी। किंतु कार्रवाई के अभाव में इनके हौसले बुलंद है।

एक सप्ताह पूर्व वहां चल रहे निर्माण कार्य की सामग्री जिसमें बिजली तार का बंडल एवं अन्य सामग्री भी चोरी हुई थी। समिति की ओर से पुलिस से विनम्र प्रार्थना है कि गई है की, अधिकांश शहर के लोग इसी मुक्तिधाम में शवदहन के लिए जाते हैं। इसलिए यहां हो रहे अनैतिक कार्यों को बंद करने की कृपा करें तथा दोषी व्यक्तियों पर तत्काल उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

युवक कांग्रेस ने शहर में मशाल जुलूस निकालकर जेल में बंद देवेन्द्र यादव के रिहाई की मांग

बलोदा बाजार हिंसा मामले में शासन द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध जताया युवा कांग्रेस ने

डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा सरकार की नाकामी एवं पुलिस की विफलताओं से हुई बलौदा बाजार हिंसा मामले में एआईसीसी सचिव एवं भिलाई कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुर्यकांत वर्मा, अजित कोशले व युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं व सतनामी समाज के साथियों को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजे जाने और युवा कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज के विरोध में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेशानुसार राजनांदगाँव ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिंग गहरवार एवं विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव के नेतृव में डोंगरगढ़ शहर मशाल जुलूस निकाला गया।

मशाल जुलूस गोल बाजार, गांधी पुतला से मार्केट भ्रमण कर मशाल जुलुस यात्रा निकालकर विधायक देवेंद्र यादव एवं निर्दोष नेताओं सामाजिक बन्धुओं की रिहाई की माँग को लेके विरोध दर्ज किया। मशाल जुलूस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिमेष सिंह, संजय श्रीवास्तव पूर्व डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम, पूर्व कार्यकारी नगर पालिका अध्यक्ष वर्तमान पार्षद शिव निषाद, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमस्ता, नरेश करसे, शिशुपाल भारती, महेश सेन, मयूर हथेल, महेश बोरकर, विक्की रामटेके, गुलशन साहू, गुलशन लिल्हारे, तरुण फुले, अरशद खान, पवन मधुमटके, बिदेश सिन्हा, शुभम साहू नीतू सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे।

मंडल गंडई में सदस्यता महाअभियान को लेकर तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

गंडई (दावा)। प्रदेश एवं जिला भाजपा के आवाहन पर एवं मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता के निर्देशानुसार आज मंडल गंडई के सभी शक्ति केंद्र की प्रभारी संयोजक एवं सहसंयोजक की बैठक सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक राकेश ठाकुर ने लिया साथ में उनके सहयोगी सदस्य यतीश कुंजन श्रीमती आशा कुर्रे जितेंद्र पटेल आज स्थानीय रेस्ट हाउस में सभी 11 शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं सभी संयोजक और सहसंयोजक की एक बैठक कर कल 2 सितंबर से प्रारंभ होने वाली सदस्यता का महा अभियान की तैयारी में सभी शक्ति केंद्र स्तर पर ,एक शक्ति केंद्र की संयोजक एवं उसके एक सहयोगी का नाम एवं नंबर साथ ही एक शक्ति केंद्र के सभी बूथ वैसे ही 11 शक्ति केंद्र के सभी 56 बूथों पर सदस्यता का एक बूथ प्रभारी बनाने को लेकर आज विशेष रूप से बैठक कर सभी सक्रिय कार्यकर्ता को इस महा अभियान में लगाने के लिए सभी को दिशा निर्देश देकर सभी से उनके नाम एवं मोबाइल नंबर एकत्रित कर जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जिला भाजपा

कार्यालय जिला अध्यक्ष के समक्ष भेजा गया साथ ही इस कार्यक्रम की जिला संयोजक शशांक ताम्रकार के निर्देश पर आने वाले 2 सितंबर से सदस्यता का महा अभियान आगाज होगा, जिसमें कुछ दिन पूर्व एक सदस्यता का कार्यशाला आयोजित कर पूरे 56 भूत के वरिष्ठ एवं कनिष्क कार्यकर्ताओं का एक कार्यशाला आयोजित की गई थी जिसमें सभी को किस तरह से सदस्यता लेना है इस बारे में हमारे वरिष्ठ नेताओं ने विस्तृत जानकारी दी थी साथ ही सभी से यह कहा गया था कि आने वाले समय में मिस्ड कॉल्स के माध्यम से हम सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं हमें 8800002024 में मिस्ड कॉल कर आए हुए लिंक में जाकर हमें अपना सदस्यता ग्रहण करने का एक सरल रास्ता भी बताया गया था। मैं सभी मंडल गंडई के भाजपा के समर्पित समस्त कार्यकर्ता बंधुओं से यह निवेदन करते हुए कहना चाहूंगा कि आगामी 2 सितंबर दिन सोमवार कल से अपने सदस्यता अभियान को सफल बनाने का प्रक्रिया को प्रारंभ करें और मिलजुल कर जो हमें लक्ष्य दिया गया है हर बूथ में 200 सदस्यों या उससे अधिक भाजपा में सदस्य बनना सुनिश्चित करें यह आज का बैठक सभी शक्ति केंद्र प्रभारी उनके सहयोगियों के लिए रखी गई थी, आने वाले समय में हम सब मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

साथ ही मैं मंडल संयोजक होने के नाते मंडल गंडई में निवासरत सभी प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ताओं से भी निवेदन करता हूं कि वह भी स्वयं आगे आकर इस सदस्यता के महा अभियान को सफल बनाएं और हम सब भाजपा से जुड़े हम सब नरेंद्र मोदी से जुड़े और विकसित भारत का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा है हम सब ने देखा उसे सफल बनाने में हम सब एकजुट होकर सदस्य बनाने में मदद करें कार्यक्रम को सफल बनाएं।

बैठक में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र प्रभारी टेकन देवांगन धरमू पटेल रजेलाल पटेल लीला राम साहू टोहर साहू रवि भावनानी श्रीमती आशा कुर्रे जितेन पटेल यतीश कुंजन सहित अन्य प्रभारी संयोजक एवं सहसंयोजक उपस्थित रहे।

पहला कॉलम...

किम जोंग उन ने फिर देखा 'आत्मघाती ड्रोन्स' का प्रदर्शन, सेना को लेकर कह दी बड़ी बात

सियोल। अमेरिका और उत्तर कोरिया में तनाव के बीच किम जोंग उन लगातार अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का विस्तार और प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के मिसाइल प्रेम से दुनिया वाकिफ है। लेकिन, अब किम को ड्रोन भी पसंद आने लगे हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार किए गए खास 'आत्मघाती ड्रोन्स' के प्रदर्शन को एक बार फिर देखा है। इस दौरान किम ने अपनी सेना को युद्ध की तैयारी मजबूत करने और ऐसे हथियारों के विकास को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि इस परीक्षण में विभिन्न प्रकार के ड्रोन शामिल थे, जिन्हें सतह और समुद्र में विभिन्न रेंज तक दुश्मन के लक्ष्य को निशाना बनाने तथा लक्ष्य को सटीक तरीके से भेदने के बाद विभिन्न मार्ग की उड़ान भरने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। केसीएनए ने कहा कि परीक्षण के बाद किम ने अपने देश को युद्ध की आशंका के मद्देनजर तैयार रहने के लिए विस्फोट करने में सक्षम, पानी के नीचे लक्ष्य की टोह लेने में सक्षम ड्रोन के विकास को बढ़ावा देने का संकल्प जताया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया की सेना को च्जितनी जल्दी हो सके, उन्नत ड्रोन से लैस किया जाना चाहिए।

स्वीयाटेक और जेसिका पेगुला यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क। साल 2022 में खिताब जीतने के बाद पहली बार विश्व नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने राउंड ऑफ 16 में 16वीं सीड ल्यूडमिला सैमसोनोवा को हराकर यूएस ओपन के क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम एकल मैच में स्वीयाटेक ने सैमसोनोवा पर 6-4, 6-1 से जीत हासिल की। शीर्ष वरीय खिलाड़ी की जीत से यह सुनिश्चित होता है कि उसके पास अपने डब्ल्यूटीए लीडिंग सीजन में अभी भी बहुत कुछ और करने का मौका है। स्वीयाटेक ने अपने चौथे रौलां गैरो क्राउन और एक ओलंपिक कांस्य पदक सहित पांच खिताब जीतने के बाद वर्ष में 57 मैच जीत के साथ डब्ल्यूटीए टूर का नेतृत्व किया है।2022 की यूएस ओपन महिला एकल चैंपियन स्वीयाटेक अपने छठे ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए प्रयासरत हैं। पोलैंड की यह खिलाड़ी ड्रॉ के शीर्ष हाफ में तीन खिलाड़ियों में से एक है, जो बिना कोई सेट गंवाए आगे बढ़ी हैं। बुधवार को उसका सामना नंबर 6 अमेरिकी जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला डायना श्नाइडर पर 6-4, 6-2 से जीत की बदौलत पिछले तीन सालों में दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अब तक अपने पिछले 14 मैचों में से 13 जीते हैं, इस दौरान उनकी एकमात्र हार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका से हुई थी।

भारत का कोयला उत्पादन 6.48 प्रतिशत बढ़कर 384 मिलियन टन पहुंचा

नई दिल्ली। भारत में कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-अगस्त के बीच सालाना आधार पर 6.48 प्रतिशत बढ़कर 384.08 मिलियन टन (एमटी) हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 360.71 मिलियन टन था। कोयला मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से अगस्त के बीच 290.39 एमटी कोयले का उत्पादन किया गया है। इसमें सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पिछले वित्त वर्ष में समान अवधि में कोयला उत्पादन 281.46 एमटी था। कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से भी कोयला उत्पादन में तेज ग्रोथ देखने को मिली है। अप्रैल से अगस्त के बीच इनका कोयला उत्पादन 68.99 एमटी रहा है। इसमें सालाना आधार पर 30.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल यह आंकड़ा 52.84 मिलियन टन था। आधिकारिक आंकड़ों की मानें तो, देश में कोयला उत्पादन के क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। 2019-20 में यह आंकड़ा 730.9 मिलियन टन था। वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत से अगस्त तक कुल 412.07 एमटी (प्रोविजनल) कोयला पावर प्लांट तक पहुंचाया गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 391.93 एमटी में था। इसमें सालाना आधार पर 5.14 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है।

शेयर बाजार : रियल्टी शेयरों में तेजी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार की मंगलवार को सपाट शुरुआत हुई। बाजार के सभी सूचकांकों में एक सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। सुबह 9.25 पर सेंसेक्स 54 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,487 और निफ्टी 14 अंक या 0.06 प्रतिशत के दबाव के साथ 25,262 पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2039 शेयर हरे निशान में और 829 शेयर लाल निशान में और 128 शेयरों में बिना किसी बदलाव के कारोबार हो रहा है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी का रुझान बना हुआ है।

सुमित ने लगातार दूसरी बार जीता गोल्ड मेडल, पैरा ओलंपिक खेलों में अपने नाम दर्ज किया बड़ा रिकॉर्ड

नईदिल्ली,03 सितंबर। भारत के प्रमुख पैरा एथलीट सुमित अंतिल ने पेरिस पैरालंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष भाला फेंक एफ64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुमित ने अपने दूसरे प्रयास में 70.59 मीटर का थ्रो किया, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और साथ ही यह पैरालंपिक का एक नया रिकॉर्ड भी बन गया। इस तरह, सुमित ने टोक्यो पैरालंपिक की अपनी स्वर्णिम सफलता को दोहराते हुए लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता और अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

सुमित ने शुरुआत 69.11 मीटर के थ्रो से की, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। तीसरे प्रयास में उन्होंने 66.66 मीटर, चौथे में फाउल, पांचवें में 69.04 मीटर और अंतिम प्रयास में 66.57 मीटर का थ्रो किया। वहीं, भारत के एक अन्य एथलीट संदीप ने एफ44 वर्ग में 62.80 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और चौथे स्थान पर रहे, जबकि संदीप संजय ने इसी वर्ग में 58.03 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करते हुए सातवां स्थान हासिल किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुमित की स्वर्णिम सफलता पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर सुमित ने देश का मान बढ़ाया है, और उनकी इस उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार दो स्वर्ण पदक जीतकर सुमित एक विशिष्ट खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुमित अंतिल की इस स्वर्णिम सफलता पर उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में सुमित के प्रदर्शन को असाधारण बताते हुए कहा कि उन्होंने पुरुषों की जेवलिन एफ 64 स्पर्धा में शानदार निरंतरता और उत्कृष्टता दिखाई है। प्रधानमंत्री ने आगामी प्रतियोगिताओं के लिए भी सुमित को शुभकामनाएं दीं।

दीप्ति जीवांजी ने महिला 400 मीटर में जीता कांस्य, भारत के खाते में आया 16वां पदक

पेरिस। भारतीय महिला पैरा एथलीट दीप्ति जीवांजी ने महिला 400 मीटर टी20 वर्ग में कांस्य पदक जीता। दीप्ति ने फाइनल में 55.82 सेकेंड का समय लिया और उनका रिएक्शन टाइम 0.164 सेकेंड रहा। इस तरह दीप्ति तीसरे स्थान पर रहीं। भारत ने इस तरह पेरिस पैरालंपिक में 16वां पदक जीता।

यह मंगलवार को भारत का पहला पदक रहा। इससे पहले भारत ने सोमवार को कुल आठ पदक अपने नाम किए थे। इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकेंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्किये की आयसेल ओंडर (55.23 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है। दीप्ति ने पैरा एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह फाइनल में स्वर्ण पदक विजेता एथलीट से 0.66 सेकेंड पीछे रहीं। दीप्ति से पहले भारत के लिए प्रीति पाल ने महिला 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे।

दीप्ति ने इसी साल मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 400 मीटर टी20 स्प्रिंट में 55.07 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था और स्वर्ण अपने नाम करने में सफल रही थीं। इसी के साथ उन्होंने पेरिस पैरालंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया था। हालांकि, उनका रिकॉर्ड रजत पदक विजेता एसेल ने तोड़ा जिन्होंने 54.96 सेकेंड का समय लिया था।

बांग्लादेश ने घर में घुसकर पाकिस्तान का किया क्लीन स्वीप

नई दिल्ली। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले को बांग्लादेश की टीम ने अपने नाम किया था। उन्होंने पहला मैच 10 विकेट से जीता था। वहीं सीरीज के दूसरे मुकाबले में भी उनकी टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। इसी बीच बांग्लादेश की टीम ने रावलपिंडी में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में एक बड़ा रिकॉर्ड बना डाला है। दरअसल बांग्लादेश ने इस मुकाबले के दौरान ऐसा किया है जो इससे पहले उनके टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इस मैच की दूसरी पारी में जैसे ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान की टीम को ऑलआउट किया। यह बड़ा कीर्तिमान उनके नाम दर्ज हो गया।

बांग्लादेश की टीम ने जब पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में ऑलआउट किया तब सभी 10 विकेट उनके तेज गेंदबाजों ने झटके। इससे पहले कभी भी ऐसा नहीं हुआ था। हमेशा स्पिन गेंदबाजों का भी योगदान इसमें रहा था। पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के तस्कीन अहमद, हसन महमूद और नाहिद राणा ने विकेट झटके। यह तीनों गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। इस दौरान हसन महमूद ने पांच विकेट हासिल किए। वहीं नाहिद राणा ने चार और तस्कीन अहमद ने एक विकेट हासिल किया।

पाकिस्तान के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश की टीम जीत के करीब नजर आ रही है। उन्हें मैच जीतने के लिए सिर्फ 185 रनों का लक्ष्य मिला है। यह मैच अगर वह जीत जाते हैं तो बांग्लादेश के क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार होगा जब उन्होंने पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप कर डाला। बांग्लादेश के लिए यह एक सुनहरा पल होने जा रहा है। वहीं पाकिस्तान के लिए यह डबल नुकसान। सीरीज गंवाने के साथ-साथ ङ्खञ्जष्ट 2023-2025 की अंक तालिका में भी उन्हें काफी नुकसान होने जा रहा है।

फिलीपींस में 'यागी' तूफान की तबाही से 14 लोगों मौत

मनीला। उत्तरी फिलीपींस में मंगलवार को जबरदस्त तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रतिक्रिया अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान च्यागीज् इलोकोस नोर्टे प्रांत के पाओय शहर से होते हुए दक्षिण चीन सागर में 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 125 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। समुद्र से उत्तर-पश्चिम की दिशा में दक्षिणी चीन की तरफ बढ़ने के दौरान च्यागीज् के चक्रवाती तूफान का रूप अख्तियार करने की आशंका है।

उत्तरी फिलीपींस अधिकतर प्रांतों में तूफान की चेतावनी जारी की गई है। लोगों को बारिश से प्रभावित पहाड़ी गांवों में भूस्खलन और देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र लूजोन के निचले इलाकों में बाढ़ के खतरे के प्रति सतर्क किया गया है। स्थानीय स्तर पर च्एनटेंगज् नाम से जाने जाने वाले च्यागीज् तूफान से फिलीपींस में मानसूनी बारिश में तेजी आई है। घनी आबादी वाले मनीला और लूजोन में मूसलाधार बारिश के कारण मंगलवार को भी स्कूल और सरकारी कार्यालय बंद रहे।

एंटिपोलो के आपदा न्यूनीकरण अधिकारी एनरिलिटो बर्नार्डो जूनियर ने बताया कि उत्तरी और मध्य प्रांतों में भूस्खलन, बाढ़ और नदियों में उफान के कारण कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। बर्नार्डो ने बताया कि बाढ़ में कई घर बह जाने के कारण चार ग्रामीणों के लापता होने की खबर है। तूफान को देखते हुए समुद्री यात्रा पर रोक और 34 उड़ानों को रद्द किए जाने के कारण सोमवार को बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर हजारों यात्री फंस गए। (भाषा)

कांगो में जेल तोड़कर भागने की कोशिश में 129 कैदियों की मौत

किंशासा। अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश की राजधानी किंशासा में जेल से भागने की कोशिश कर रहे दर्जनों कैदियों की मौत हो गई है। सरकार ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को किंशासा में सेंट्रल मकाला जेल से भागने की कोशिश कर रहे कम से कम 129 लोगों की मौत हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए गृह मंत्री शबानी लुकू ने मंगलवार को ङ्ग पर कहा कि 129 मौतों में से 24 की मौत गोलीबारी में हुई।

कांगो के गृह मंत्री ने कहा, %घटना में बाकी के कैदी धक्का-मुक्की या दम घुटने की वजह से मारे गए।% उन्होंने कहा कि जेल के प्रशासनिक भवन, उसके फूड डिपो और एक अस्पताल में भी आग लग गई थी, जिसमें लगभग 59 लोग घायल हो गए। उन्होंने वीडियो के जरिए जारी किए गए बयान में कहा, %मकाला सेंट्रल जेल में भागने की कोशिश में कई लोगों की जान चली गई और काफी नुकसान हुआ।% इससे पहले जेल के एक अधिकारी ने कहा था कि कोई भी कैदी भागने में कामयाब नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि भागने की कोशिश करने वाले मारे जा चुके हैं। सरकार घटना की जांच कर रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार तड़के 2 बजे हुई थी। जेल में बंद कैदियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि सुबह उन्होंने भारी मात्रा में गोलीबारी की आवाज सुनी थी और उन्हें कैदियों की आवाज भी सुनाई दे रही थी। बता दें कांगो दुनिया के सबसे गरीब देशों में शामिल है हालांकि यहां खनिज पदार्थ काफी बड़ी मात्रा में हैं। यह देश 30 जून 1960 को आजाद हुआ था और आजादी के बाद से ही अलग-अलग तरह के आंतरिक संघर्षों से जूझ रहा है।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर, मेदवेदेव से होगी भिड़ंत

न्यूयॉर्क। विश्व नंबर-1 एक इटली के जानिक सिनर ने मंगलवार को चौथे दौर के मैच में घरेलू पसंदीदा टॉमी पाउलिन को हराकर अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पाउलिन ने अमेरिकी दर्शकों के बीच अपना हुनर साबित किया और शीर्ष वरीय सिनर को पहले दो सेट में कड़ी टक्कर दी, लेकिन इतालवी खिलाड़ी ने कमबैक करते हुए 7-6(3), 7-6(5), 6-1 से जीत हासिल की।

सिनर अब इस साल के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। 23 वर्षीय सिनर ने रौलां गैरो सेमीफाइनल और विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला प्रमुख खिताब जीता था।

इटली का यह खिलाड़ी साल 2000 के बाद से एक ही सीजन में सभी चार प्रमुख क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले आठवें पुरुष खिलाड़ी है। वह नोवाक जोकोविच (8 बार), रोजर फेडरर (8), राफेल नडाल (5), एंडी मरे (4), डेविड फेरर (2), स्टेन वावरिंका (1) और आंद्रे अगासी (1) जैसी प्रतिष्ठित नामों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अब वह ड्रॉ में बचे हुए दो प्रमुख चैंपियनों के बीच होने वाले मुकाबले में दानिल मेदवेदेव से भिड़ेंगे। दोनों के बीच हाल ही में विंबलडन क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हुआ था, जहां मेदवेदेव ने पांच सेटों में जीत हासिल कर विश्व नंबर 1 के खिलाफ पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया था और अपनी प्रतिद्वंद्विता में 7-5 की बढ़त हासिल कर ली थी। सिनर ने मेदवेदेव को हराकर इस साल का ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था।

प्रथम पेज का शेष

पश्चिम बंगाल विधानसभा में...

भीतर फांसी की सजा देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, इसमें प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 21 दिनों में प्रस्तुत करने, जिला स्तर पर टास्क फोर्स गठित करने और सुनवाई को समय पर पूरा करने का प्रावधान भी है। 0 बंगाल में महिला सुरक्षा पर बड़ा कदम- बंगाल में महिला सुरक्षा को लेकर बढ़ते अपराधों को देखते हुए, ममता सरकार ने इस एंटी-रेप बिल को पेश किया है। बंगाल विधानसभा के इस विशेष सत्र का आज अंतिम दिन है, और इस बिल के माध्यम से राज्य सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। विधानसभा में इस पर चर्चा के बाद इसे कानून का रूप दिया जा सकता है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया...

तो सीएम सिद्धारमैया ने हंसते हुए कहा, इस मामले में विपक्ष ने झूठ बोला है। अगर उनका झूठ साबित नहीं हुआ, तो उनके लिए मुश्किलें खड़ी होने वाली हैं। मैंने झूठ नहीं बोला है, न ही मैंने गलत बयान दिए और न कोई गलती की है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव...

एकजुटता दिखाने के लिए पहल कर चुके हैं। इस बीच अगर गठबंधन की बातचीत में शामिल होने की जरूरत पड़ी तो वो अमेरिका से ऑनलाइन जुड़ सकते हैं।

0 34 सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम तय किए- हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से कोई लिस्ट जारी नहीं की गई है, लेकिन यह कहा जा रहा है कि 34 सीटों के लिए पार्टी ने अपने उम्मीदवारों का नाम तय कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, 28 सिटिंग विधायकों में से 22 के टिकट क्लियर माना जा रहा है जबकि पांच मौजूदा विधायकों के टिकट को रिव्यू में डाल दिया गया है। पार्टी हाईकमान दो बार लगातार चुनाव हारे नेताओं पर भी दांव खेलने में हिचकिचा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रुनेई की...

समूह भी मौजूद था। मस्जिद का नाम ब्रुनेई के 28वें सुल्तान (वर्तमान सुल्तान के पिता, जिन्होंने इसका निर्माण भी शुरू किया था) उमर अली सैफुद्दीन ढ्ढढ्ढ के नाम पर रखा गया है, और यह 1958 में बनकर तैयार हुआ था। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ब्रुनेई की राजधानी में भारतीय उच्चायोग के नए चांसरी परिसर का उद्घाटन किया। वह ब्रुनेई की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आज सुबह बंदर सेरी बेगवान पहुंचे। बुधवार को श्री मोदी ब्रुनेई सुल्तान के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

देवेंद्र यादव को बडा झटका ...

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव पर 18 से ज्यादा गंभीर धाराओं में भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जिसमें हिंसा भड़काने, साजिश रचने और जान से मारने के गंभीर आरोप हैं। इन आरोपों में लगी धाराओं के मुताबिक 7 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान है।

त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों ...

नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के प्रतिनिधि एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर डॉ. माणिक साहा तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय और त्रिपुरा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उग्रवाद, हिंसा और संघर्ष से मुक्त, विकसित पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने की दिशा में गृह मंत्रालय निरंतर प्रयास कर रहा है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में शांति और समृद्धि बहाल करने के लिए अब तक 12 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें से तीन त्रिपुरा राज्य से संबंधित हैं। इन समझौते के चलते लगभग 10 हजार लोग हथियार छोड़ कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं।

सशस्त्र सेनाओं के लिए एक लाख ...

परिषद ने 'एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार' की खरीद के लिए भी मंजूरी दी है जो हवाई लक्ष्य का पता लगाएगा और ट्रैक करने के साथ साथ फायरिंग करने में भी सक्षम होगा। फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड) की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है जिसमें मशीनीकृत संचालन के दौरान इन-सीटू मरम्मत करने के लिए उपयुक्त क्रॉस कंट्री गतिशीलता है। यह उपकरण बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है, और मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन तथा बख्तरबंद रेजिमेंट दोनों के लिए अधिकृत है।

भारतीय तट रक्षक की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के तीन प्रस्ताव मंजूर किये गये हैं। डोर्नियर-228 विमान, खराब मौसम की स्थिति में उच्च परिचालन सुविधाओं वाले अगली पीढ़ी के तेज गश्ती जहाजों और उन्नत तकनीक तथा लंबी दूरी के संचालन वाले अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाजों की खरीद से तटरक्षक बल की निगरानी, गश्त करने की क्षमता, खोज एवं बचाव और आपदा राहत अभियान चलाने की क्षमता में वृद्धि होगी।

बैठक के अंत में रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल के दिवंगत महानिदेशक राकेश पाल जो खरीद परिषद के सदस्य भी थे को याद किया । श्री पाल का गत 18 अगस्त को चेन्नई में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। रक्षा मंत्री ने तटरक्षक बल के विकास और विस्तार में महानिदेशक राकेश पाल के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति रक्षा मंत्रालय की ओर से हार्दिक संवेदना, प्रार्थना और अटूट समर्थन व्यक्त किया। परिषद के सभी सदस्यों ने खड़े होकर उनके सम्मान में एक मिनट का मौन रखा।

नंदकुमार साय का यू टर्न ...

बीजेपी से राजनीति करने वाले साय 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले वह बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जहां कांग्रेस की तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया था। उनके कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा भी थी। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। इसके बाद जब विधानसभा चुनाव में बीजेपी को शानदार जीत मिली तो कुछ दिनों में ही साय का कांग्रेस से मोहभंग हो गया था। बाद में दिसंबर में ही नंदकुमार साय ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

निशानेबाज अवनि लेखरा दूसरा पदक जीतने से चुकीं, 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में इस स्थान पर रही

पेरिस। भारत की अनुभवी पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में मंगलवार को पांचवें स्थान पर रहीं। राजस्थान की 22 साल की यह निशानेबाज कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण 11 साल की उम्र से व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। उन्होंने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग में 420.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए अपना अभियान खत्म किया।

अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख सकीं अवनि

अवनि ने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह प्रोन चरण के बाद छठे स्थान पर खिसक गईं। व्हीलचेयर पर निर्भरता के कारण प्रोन निशानेबाजी उनका मजबूत पक्ष नहीं है। उन्होंने इसके बाद स्टैंडिंग चरण में वापसी की कोशिश की लेकिन 8.3 अंक वाला एक निशाना साधने के बाद वह पिछड़ गईं। एसएच1 में खिलाड़ी बिना किसी मुश्किल के बंदूक पकड़ सकते हैं तथा खड़े होकर या बैठकर निशाना लगा सकते हैं। अविन ने इससे पहले पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

सातवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था

इससे पहले क्वालिफाइंग चरण में अवनि ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग में 1159 स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस स्पर्धा में भारत की एक अन्य निशानेबाज मोना अग्रवाल क्वालिफाइंग में 13वें स्थान पर रहते हुए खिताबी मुकाबले से बाहर हो गई थी। मोना ने कुल 1147 का स्कोर बनाया था। अवनि ने महिलाओं की 10 मीटर राइफल एसएच 1 की जिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था उसमें मोना को कांस्य पदक मिला था। अवनि ने टोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था और अपना खिताब बरकरार रखने वाली वह पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई थीं।

गणेश चतुर्थी पर जरूर लगाएं इन चीजों का भोग, खुश हो जाएंगे बप्पा मिलेगा आशीर्वाद

भगवान गणेश की अराधना के लिए गणेश चतुर्थी का समय बहुत खास होता है. इस दौरान बप्पा को उनके प्रिय भोग अर्पित करने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूरी करते हैं.

गणेश जी के भोग

गणेशोत्सव के 10 दिनों में यदि आप भगवान गणेश को उनकी प्रिय चीजें भोग स्वरूप अर्पित करेंगे तो इससे बप्पा शीघ्र ही प्रसन्न होंगे. आइये जानते हैं गणेश जी को कौन सी चीजें पसंद हैं.

मोदक- मोदक भगवान गणेश का सबसे प्रिय भोग है. विशेषकर गणेशजी सभी पूजा में मोदक का भोग लगाया जाता है.

मान्यता है कि मोदक का भोग लगाने से भगवान अपने भक्तों को सुख-सौभाग्या का आशीष देते हैं.

मालपुआ- मालपुआ का मीठा भोग शिवजी के साथ ही भगवान गणेश को भी पसंद है. इसलिए गणेश चतुर्थी के दौरान भगवान को इसका भोग जरूर लगाएं. इससे गणेश जी बहुत प्रसन्न होंगे.

मोदक के साथ ही गणेश जी को लड्डू भी पसंद हैं. आज बप्पा को घी से बने मोतीचूर, बेसन या बूंदी के लड्डू अर्पित कर सकते हैं.

मखाने की खीर : 10 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव के नौवें दिन गणेश जी को दूध और मखाने की खीर बनाकर भोग लगाएं. बाद में इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करें. यह भोग भगवान को लगाना बहुत शुभ माना जाता है.

गुड़- भगवान भोग के साथ ही भक्त का भाव भी देखते हैं. इसलिए यदि आप किसी तरह का विशेष प्रसाद चढ़ाने में असमर्थ हैं तो गणेश जी को गुड़ का भोग लगा सकते हैं. गुड़ भी बप्पा को बहुत पसंद है और यह पारंपरिक भोग है.

हरतालिका तीज : शुभ मुहूर्त में पूजा करने से मिलेगा दोगुना फल, पति-पत्नी के रिश्ते होंगे मजबूत

सनातन धर्म में कई महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाते हैं। इनमें हरतालिका तीज का त्योहार भी शामिल है। पंचांग के अनुसार, हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का त्योहार बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से साधक का वैवाहिक जीवन सदैव खुशहाल होता है और विवाह से जुड़ी सभी समस्या दूर होती है। साथ ही पति-पत्नी के रिश्ते में मजबूती आती है। चलिए जानते हैं इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा किस तरह करनी चाहिए।

हरतालिका तीज शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 05 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 21 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 06 सितंबर को दोपहर 03 बजकर 21 मिनट पर होगा। ऐसे में हरतालिका तीज का व्रत 06 सितंबर को किया जाएगा। इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 02 से सुबह 08 बजकर 33 मिनट तक है। इस मुहूर्त में उपासना करने से साधक को दोगुना फल प्राप्त होगा।

कलयुग में जब होंगे ऐसे काम तो प्रकट होंगे भगवान गणेश, कैसा होगा आठवां और अंतिम अवतार

पार्वती और शिव पुत्र भगवान गणेश को बुद्धि-विद्या और सभी सिद्धियों का दाता कहा गया है. ये सभी देवताओं में वे सर्वप्रथम पूजनीय हैं. इसलिए शुभ-मांगलिक कार्यों के आरंभ से पहले इनका पूजन किया जाता है.

भगवान गणेश के जन्म को लेकर विभिन्न कथाएं व मान्यताएं प्रचलित हैं. हिंदू धर्म में भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान गणेश की जन्मतिथि मानी जाती है. इसलिए इस दिन गणेश चतुर्थी के रूप में भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जोकि इस वर्ष 7 सितंबर 2024 को है. पुराणों में सतयुग, त्रेतायुग और द्वापर युग में भगवान गणेश के जन्म लेने का वर्णन मिलता है. लेकिन इसी के साथ भगवान गणेश कलयुग में भी अवतार लेंगे. ऐसी भविष्यवाणी गणेश पुराण में की गई है.

विभिन्न युगों में हुआ गणेश अवतार

सतयुग : मान्यता है कि सतयुग में भगवान गणेश का जन्म विनायक के रूप में हुआ. इस अवतार में उनका वाहन सिंह था. उन्होंने देवतान्तक और नरान्तक नामक असुरों का संहार किया और धर्म की स्थापना की.

त्रेतायुग: इस युग में भगवान गणेश का जन्म उमा के गर्भ से हुआ, जिसमें उनका नाम गणेश पड़ा. इस अवतार में उनका वाहन मयूर, रंग श्वेत, छह भुताओं वाले और तीनों लोकों में विख्यात हुए. भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी में जन्म लेकर उन्होंने सिंधु नामक दैत्य का विनाश किया. उनका विवाह ब्रह्मदेव की सिद्धि-रिद्धि कन्याओं से हुआ.

द्वापर युग: द्वापर में भगवान गणेश का अवतार गजानन नाम से प्रसिद्ध है. इस युग में गणपति ने फिर से मां पार्वती के गर्भ से जन्म लिया. लेकिन जन्म के बाद किसी कारण माता पार्वती ने उनको जंगल में छोड़ दिया और उनका लालन-पालन पराशर मुनि द्वारा किया गया. इसी अवतार में ऋषि वेद व्यास के कहने पर गणेश जी ने महाभारत लिखी. साथ ही इस अवतार में उन्होंने सिंदुरासुर का वध किया.

कलयुग : अब कलयुग के अंत में भी गणेश अवतार की भविष्यवाणी की गई है. कलयुग में जिस प्रकार से भगवान विष्णु के कल्कि अवतार की बात कही गई है. उसी तरह भगवान गणेश के धूम्रकेतु अवतार का भी उल्लेख मिलता है. आइये जानते हैं कलियुग में कब और किस अवतार में आएंगे गणपति बप्पा .

गणेश पुराण के अनुसार, जब ब्राह्मणों का ध्यान वेद अध्ययनों से हटकर अन्य कामों में लगने लगेगा. धरती पर तप, जप, यज्ञ और शुभ कार्य बंद हो जाएंगे तब धर्म की रक्षा की के लिए भगवान का कलयुग अवतार प्रकट होगा.

इसके साथ ही जब विद्वान लोग मूर्ख बन जाएंगे और एक दूजे को धोखा देकर लालचवश लाभ कमाएंगे. पराई स्त्रियों पर बुरी दृष्टि रखेंगे और कमजोर लोगों पर बलवान का शोषण होने लगेगा जब गणेश जी का नया अवतार आएगा.

गणेश पुराण में बताया गया है कि, जब लोग कलयुग में धर्म के मार्ग से हटकर देवताओं के बजाय दैत्यों या आसुरी शक्तियों की उपासना करने लगेंगे तब भगवान गणेश का कलयुग अवतार प्राकट्य होगा.

स्त्रियां अवगुणी होकर पतिव्रता धर्म को छोड़कर धन आदि के लिए अधर्म का रास्ता अपनाने लगेगी, गुरुजन, परिजन और अतिथियों का अपमान करने लगेगी तब भगवान गणेश का अवतार होगा.

कलयुग में कब और कैसा होगा भगवान गणेश का अवतार

गणेश पुराण में भगवान गणेश से स्वयं ऐसी भविष्यवाणी की है कि, कलियुग के अंत में भगवान गणेश का अवतार होगा, जिसका नाम धूम्रकेतु या शूपकर्ण होगा. कलियुग में फैली बुराईयों, अधर्म और कुरीतियों को दूर करने के लिए भगवान इस अवतार में आएंगे. भगवान के हाथ में खड्ग होगा. वे चारभुजा युक्त होकर नीले रंग के घोड़े में सवार होकर पापियों का नाश कर फिर से सतयुग का सूत्रपात करेंगे.

बता दें कि धूम्रकेतु भगवान गणेश का आठवां और अंतिम अवतार होगा. इससे पहले उनके सात अवतार हैं- वक्रतुंड, एकदंत, महोदर, गजानन, लम्बोदर, विकट और विघ्नराज.धूम्रकेतु अवतार में वे भगवान विष्णु के कल्कि अवतार के साथ मिलकर मनुष्यों और धर्म की रक्षा के लिए अभिमानसुर का विनाश करेंगे.

भगवान गणेश की लीलाओं में छिपे हैं बड़े अद्भुत गहरे तत्व

वैसे तो गणेश जी हमारी चेतना का केंद्र में अवस्थित हैं लेकिन गणेश जी के बाहरी स्वरूप में भी गहरा रहस्य छिपा हुआ है। गणेश जी बुद्धि और ज्ञान के देवता हैं। जब व्यक्ति भीतर से जाग्रत होता है तभी वास्तविक बुद्धि का उदय होता है। गणेश अथर्वशीर्ष में हर जगह गणेश जी की उपस्थिति की प्रार्थना की जाती है।

गणेश जी को केवल बाहरी रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपनी चेतना का केंद्र समझें। गणेश जी को अपने भीतर स्थापित करना चाहिए। गणेश जी की पूजा केवल सजग चेतना द्वारा की जा सकती है। जब साधक ध्यान की गहरी अवस्था में होते हैं तो उन्हें पवित्र और अरूप आकाश का अनुभव होता है। गणेश जी की पूजा और आवाहन परब्रह्म के रूप में किया

जाता है। परब्रह्म अर्थात वह एकमात्र ईश्वर, जो सभी वर्णनों और संकल्पनाओं से परे हैं। जिन-जिन योगियों ने ध्यान और चक्रों का अनुसंधान किया है, उन सबके अनुभव में आया है कि गणपति हमारे मूलाधार में वास कर रहे हैं।

यह कपोल कल्पित नहीं है, वेदों में भी इसका उल्लेख है। आदि शंकराचार्य ने गणेश जी के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा है, %अजं निर्विकल्पं निराकार रूपम, जिसका कभी जन्म नहीं हुआ, जहां कोई विकल्प या कोई विचार नहीं है और जिसका कोई आकार भी नहीं है; जो आनंद भी है और आनंद के बिना भी है और जो एक ही है, ऐसे गणपति परब्रह्म का रूप हैं; आपको मैं नमस्कार करता हूं।

गणेश चतुर्थी की पूजा थाली में शामिल करें गणपति बप्पा के प्रिय फूल, खुल जाएंगे किस्मत के बंद ताले

देशभर में भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से गणेश चतुर्थी के त्योहार की शुरुआत होती है। यह उत्सव 10 दिनों तक चलता है। गणेश चतुर्थी के दिन लोग अपने घरों में गणेश जी विराजमान करते हैं और अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन किया जाता है। आइए जानते हैं कि किन फूलों के द्वारा गणपति बप्पा को प्रसन्न कर सकते हैं।

सनातन धर्म में चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई जाती है। इस तिथि पर गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही जीवन के दुखों को दूर करने के लिए व्रत भी किया जाता है। अगर आप जीवन के विघ्न को दूर करना चाहते हैं, तो गणेश चतुर्थी की पूजा थाली में प्रिय फूल शामिल करें। मान्यता है कि ऐसा करने से साधक की किस्मत की चमक सकती है।

गणेश चतुर्थी शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 06 सितंबर को दोपहर 03 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 07 सितंबर को संध्याकाल 05 बजकर 37 मिनट पर होगा। ऐसे में 07 सितंबर को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी।

बनाए रखना चाहते हैं मां लक्ष्मी की कृपा, तो घर में रखना न भूलें ये चीजें

ऐसा माना जाता है कि लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना से साधक को धन की कमी नहीं सताती। ऐसे में आप धन की देवी की कृपा प्राप्ति के लिए अपने घर में लक्ष्मी जी को प्रिय मानी गई कुछ चीजें रख सकते हैं।

ऐसा करने से आपको जल्द ही अपनी स्थिति में लाभ देखने को मिल सकती है। तो चलिए जानते हैं कि वह कौन-सी चीजें हैं।

शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति के लिए बहुत ही उत्तम माना गया है। इस दिन मां लक्ष्मी की विशेष विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से

साधक पर लक्ष्मी जी की विशेष कृपा बनी रहती है। इसके साथ ही आप लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने के लिए घर में कुछ खास चीजें भी रख सकते हैं।

लक्ष्मी जी की कृपा बनी रहेगी

श्रीयंत्र को लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्ति के लिए बहुत ही उत्तम माना जाता है। ऐसे में आप इसे अपने घर में स्थापित कर लक्ष्मी जी को प्रसन्न कर सकते हैं। इसके लिए मंदिर में लाल कपड़ा बिछाकर ईशान कोण में श्रीयंत्र की स्थापना करनी चाहिए और रोजाना विधि-विधान से इसकी पूजा करनी चाहिए।

महिला सुरक्षा व क्राइम कंट्रोल में भाजपा सरकार फेलः कांग्रेस

शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किया प्रदर्शन, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कांग्रेसजनों ने काली पट्टी बांधकर किया मौन सत्याग्रह धरना-प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार व गैंगरेप की घटनाएं बढ़ रही है रोजाना कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घट रही है। माताएं-बहने, बेटियां अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। प्रदेश की सायं सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। 09 माह में ही भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलाएं असुरक्षित हो गयी है। रोजाना प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घट रही है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 03 सितंबर को महावीर चौक पर महिला सुरक्षा जिला स्तरीय एक दिवसीय मौन धरना-प्रदर्शन किया गया।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ रही अत्याचार व सामूहिक बलात्कार की घटना से पूरे प्रदेश सहम गया है। प्रदेश की राजधानी में भी महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। दुर्भाग्यजनक बात है कि प्रदेश की भाजपा सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि हम अपनी बहन, बेटियों की रक्षा की लड़ाई लड़ेंगे, आंदोलन करेंगे। सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिये मजबूर करेंगे जिसको लेकर महावीर चौक पर मंगलवार 03 सितंबर को काली पट्टी बांधकर मौन धरना-प्रदर्शन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बड़े ही शर्म की बात है कि 08 माह में ही भाजपा राज में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक क्या हो सकता है कि राजधानी में महिलायें सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है, दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी है। महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। दुर्भाग्य की बात है कि सरकार इस मामलों को गंभीरता से लेने के बजाय वह बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है। महिला सुरक्षा व क्राइम कंट्रोल में भाजपा पूरी तरह फेल नजर आ रही है। महिलाओं के प्रति लगातार बढ़ते अपराध और लोगों में असुरक्षा की भावना सायं सरकार की विफलता का परिचायक है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद हत्या, लूटपाट, डकैती, अपहरण जैसे मामलों में लगातार वृद्धि

हुई है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी है तब से भ्रष्टाचार, माफीराज को बढ़ावा मिल रहा है। आज हमारी बहन-बेटियां महफुस नहीं है मात्र 08 माह की भाजपा सरकार में 600 जैसी बलात्कार की घटना होना कोई कम बात है।

मैं पूछना चाहता हूं कि प्रदेश में हो रही लगातार इस तरह की घटना में सरकार ने क्या कार्यवाही किया, रायगढ़ के पुसौर में एक आदिवासी महिला के साथ 14 लोगों ने दुराचार किया, पुलिस रिपोर्ट लिखने में बहानेबाजी कर रही थी, मीडिया में दबाव के बाद रिपोर्ट लिखा गया। जशपुर के एक नाबालिक बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार हो गया। कोण्डागांव में एक महिला के साथ सामूहिक दुराचार हो गया, 20 दिन तक रिपोर्ट नहीं लिखी गयी आखिर क्यों। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि बंगाल की घटना पर प्रतिक्रिया देने वाले भाजपाई छत्तीसगढ़ में 04 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी पर मौन है क्यों है। इस निकम्मी सरकार को जवाब देना होगा और जब तक इस तरह की घटनाओं पर विराम नहीं लग जाता है तब तक कांग्रेस संगठन आंदोलन की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

मौन प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर हेमा देशमुख, कमलजीत सिंह पिन्टू, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पदम कोठारी, मोती साहू, पीसीसी सचिव मेहुल मारू, रमेश डाकलिया, रमेश खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, महिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती रामक्षत्री चंद्रवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, राजकुमारी सिन्हा, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, पार्षद संतोष पिल्ले, हमीन हुद्दा, पूर्णिमा नागदेवे, मधुकर वंजारी, भागचंद साहू, मनीष साहू, ऋषि शास्त्री, शरद पटेल, विनय झा, गोपीचंद गायकवाड़, डा.रूबीया अल्वी, रौशनी सिन्हा, अंगेश्वर देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, योगेन्द्र प्रताप सिंह, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, युकां अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, रोहित चंद्राकर, सुनील रामटेके, सचिन टूरहाटे, इशाक खान, अवधेश प्रजापति, अभिमन्यु मिश्रा, मानव देशमुख, शकील रिजवी, आफताब अहमद, चुम्मनदास साहू, शकील मेमन, डा.नरेन्द्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष चेतनदास साहू रितेश जैन, धनेश निषाद, अब्दुल खान, रतन यादव, विजय राज सिंह, अजय मारकंडे, हीरा सोनी, बबलू कसार, सुरेन्द्र देवांगन, विष्णु लोधी, जयचंद्र ठाकुर, शिशुपाल भारती, पुष्पा वर्मा, चंद्रिका राजपूत, विशु अजमानी, प्रतिमा बंजारे, रीना पटेल, संगीता साहू, शैलेष ठावरे, किरण मेश्राम, रमा वर्मा, प्रभात गुप्ता, राजू सिंह राजपूत, सुरेश सिन्हा, मुजीब अहमद, विक्की पटेल, मो करीम, राहुल तिवारी, संदीप जायसवाल, भानुप्रताप साहू, सलमान खान, खिलेश बंजारे, मुस्तफा जोया, बलदास साहू, वैद्यराज आविन्द्र मेश्राम, श्यामदास वैष्णव, बिरेन्द्र बोरकर, संध्या साहू, चंद्रिका वर्मा, अंजली धावड़े, रवि साहू, राहुल देवांगन, ओमप्रकाश साहू, दुर्गेश द्विवेदी, धर्मेन्द्र साहू, जितेन्द्र सिन्हा, गणेशराम साहू, मंथीर साहू, संतप्रसाद ठाकुर, दुर्गा देवांगन, रेखा मेश्राम, दीनू साहू, सुलोचना मारकंडे, रेखा घोडके, फुलमती वर्मा, कल्पना साहू, तुलसी साहू, पार्वती साहू, ठाकुराम साहू, प्रकाश ठाकुर, नासिर खा, चंद्रशेखर मालेकर, चेतन चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

यादव भवन और यादव छात्रावास जल्दी ही बनेंगे – डॉ. रमन सिंह

ऐतिहासिक यादव मेला का समापन हर्षोल्लास एवं गौरवमयी रहा

राजनांदगांव (दावा)। जिला सर्व यादव समाज राजनांदगांव का यादव मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं यादव गौरव सम्मान का समापन समारोह कार्यक्रम गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में रखा गया था यहां कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं समाज के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा बहुत ही जल्दी जिला कोसरिया यादव समाज का भवन और साथ ही यादव छात्रावास भवन बनने की घोषणा करते हुए यादव समाज को सबसे ज्यादा कर्मवीर योध्दा बताया। 3 दिवसीय विराट आयोजन के समाज को बधाई देते हुए कहा कि ऐसा आयोजन संस्कार धानी राजनांदगांव में पहली बार हुआ है जो समाज की एकता और शौर्यता को दर्शाता है और भगवान कृष्ण तो ब्रम्हांड का नायक है जिसकी पूजा यादव ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज करते हैं ये यादव समाज के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संतोष पांडे ने राम और कृष्ण को एक बताते हुए उनके द्वारा बताये गीतासार को अपने व्यवहार में लाने की अपील की और साथ ही हर संभव छ. ग. सरकार को यादव समाज के उत्थान में साथ बताया प्रदेश स्तरीय मांग को अविलम्ब मंत्री मंडल के बीच रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष और यादव समाज के गौरव मधुसूदन यादव पूर्व सांसद वर्तमान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला यादव समाज के संरक्षक ने कहा कि आज का ऐसा आयोजन यादवी एकता का प्रतीक और अन्य समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण है पिछले 20 वर्षों से समाज ने एक अलग ही पहचान बनाया है। ये समाज के कर्मठ और समाज के प्रति समर्पित प्रमुखों का श्रेय है। समाज में प्याप्त संकीर्ण और पुराने विचारधाराओं से ऊपर उठकर नये परिवर्तन के साथ कदम बढ़ाने की बात कही अब समाज के उत्थान में कोई कमी नहीं आयेगी और संगठित समाज ही विकास के रास्ते का हमसफर होना बताया। प्रदेश स्तरीय 4 सूत्रीय मांग के लिये सीधा मुख्यमंत्री से समाज प्रमुखों के साथ जाकर मंत्री मंडल में बात रखने की बात कही। माहेश्वरी पंचायत एवं महाकाल भक्त पवन डागा, जिला कोसरिया यादव समाज के संरक्षक कार्तिक राम यादव, जिला अध्यक्ष कंसु राम यादव, दुर्गेश यादव जिला सर्व यादव समाज अध्यक्ष, गरिबा यादव महानगर अध्यक्ष झरिया यादव समाज, उपेंद्र यादव अध्यक्ष जिला ठेठवार यादव समाज, राधे लाल यादव जिला उपाध्यक्ष कोसरिया यादव समाज आदि ने भी सभा को संबोधित करते हुए निःस्वार्थ भाव से समर्पण के साथ काम करने की अपील किये हैं।

सामाजिक बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्य क्रम एवं यादव गौरव सम्मान के साथ-साथ यादव मेला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, बच्चों के लिए निःशुल्क झूला, मिकी माउस, जंपिंग, गोल झूला, राईचुली, बच्चों के खिलौने, 10 मंण्डई , 3 बैरग, सभा कक्ष से बाहर स्वजातीय बंधुओं के लिए टी.वी. स्क्रीन आदि भी व्यवस्था समाज द्वारा किया गया था। नगर के अलावा, जिला के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं के अलावा पड़ोसी जिला मानपुर मोहला, खैरागढ़, दुर्ग, बालोद के भी पदाधिकारी गण अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय दिये हैं। सर्किल अध्यक्षों में खिलावन यादव, धन्ना यादव, लखन यादव, देवागा यादव, राधेलाल यादव, दिलीप यादव, हृदय यादव, सुदर्शन यादव, जयपाल यादव, केदार यादव, रोहित यादव, आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर यादवी एकता का परिचय दिये है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के समापन समारोह में आमंत्रित अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार जिला उपाध्यक्ष राधेलाल यादव ने किया। समापन समारोह में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर झांकी धारकों, श्री कृष्ण बाल रूप धारियों एवं उनके पालकों, सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों का भी विशेष सम्मान इस मंच के माध्यम से किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के समापन समारोह का सफल मंच संचालन ग्वाला प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामदास यादव, हरीश यादव, दुर्गा यादव, महेश यादव, शीलू राम यादव, फगुवा राम यादव, कंसु राम यादव, रेखचंद् यादव, राधे लाल यादव, विजय यादव, के.आर.यादव, राकेश यादव, रूपेश यादव, महेश यादव, दुर्गेश यादव, गरीबा यादव, शेखर यादव, नारायण यादव, रंजीत यादव, अरूण यादव, दीप्ति यादव, सुशील यादव, बबीता यादव, देवकी यादव ,शकुन यादव, श्रेष्ठा यादव, गोलू यादव, रामदयाल यादव, बृजलाल यादव, संतोष यादव, रामू यादव, अलख यादव, सालिक यादव, भरत यादव, रमन यादव, देवकी यादव, करूणा यादव, किशून यदु, निश्चय यादव, पप्पू यादव, मोती यादव, उपेंद्र यादव, रितेश यादव, सुरेश यादव, अनिल यादव, प्रवीण यादव, अभ्यास यादव, दिग्विजय यादव, कौशल यादव, नारायण यादव, अखिलेश यादव, भागवत यादव, बिंदा यादव, कौशिल्या यादव, बबीता यादव, मीना यादव, इन्द्राणी यादव, कृतिका यादव, माया यादव, सरस्वती यादव, अमरीत यादव, बाबा यादव, सोनू यादव, रामकुमार यादव, सुनील यादव, सुमित यादव आदि का बहुत ही सराहनीय सहभागिता रही है।

नवोदय विद्यालय में होता है श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण - सांसद संतोष पाण्डेय

राष्ट्रीय ताइक्वांडो मीट का हुआ जानदार शुभारंभ

राजनांदगाँव(दावा)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 33वां राष्ट्रीय ताइक्वांडो मीट 2024 का शुभारंभ 02 सितम्बर से प्रारंभ क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डे के हाथों ध्वजारोहण के साथ हुआ। मार्च पास्ट व मशाल प्रज्वलन करने के पश्चात शपथ ग्रहण कराया। खेल के शुभारंभ की अनौपचारिक घोषणा की गई। शांति के प्रतीक कबूतर को नील गगन में छोड़ा गया।

सभागार में दीप प्रज्वलन एवं मां शारदा की वंदना की गयी। विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों को बैच लगाया गया। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के सहायक आयुक्त लेखराज मीणा ने स्वागत भाषण में कहा कि खेल के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास होता है उसके बाद सांसद संतोष पाण्डेय ने नवोदय के गुणवत्ता के बारे में कहा कि यहां सभी कार्य बड़े पारदर्शिता के साथ किया जाता है। नवोदय विद्यालय में श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण शिक्षकों द्वारा किया जाता है। विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन कर अपने कर्तव्यों का पालन चाहिए। उन्होंने देश भर से आए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय सहित सभी अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पालक संघ के सदस्य संजय नंदा एवं त्रिलोक चौरे को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम के विद्यार्थियों के द्वारा मराठी 'लोकनृत्य गोंधड़' की प्रस्तुति दी गई, जो की गोंड़ आदिवासियों द्वारा अपने कुल देवी को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य संजय कुमार मंडल के द्वारा राष्ट्रीय स्तर के इस ताइक्वांडो मीट 2024 को सफल बनाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के ऊर्जावान सहायक आयुक्त लेखराज मीणा तथा उनके टीम मेंबर मनोज कुमार विद्यार्थी प्राचार्य ज.न.वि. धमतरी, डॉ.संजय कुमार सिन्हा प्राचार्य ज.न.वि.दुर्ग, स्वप्ना घोषाल उप प्राचार्य ज.न. वि. रायपुर के सफल नेतृत्व में संपन्न हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात उद्घाटन समारोह के समापन की घोषणा की गई।

युवा शक्ति के साथ सदस्य बने मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। आज 03 सितम्बर मंगलवार को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने युवा शक्ति के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। 02 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी और अगले दिन प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के सदस्यता ग्रहण उपरांत आज शहर के गांधी सभागृह में पूर्व सांसद ने युवाओं को प्रशिक्षण और प्रेरणा के लिए आयोजित कार्यशाला में सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण कार्यशाला में पूर्व सांसद ने युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि भाजपा ही वह पार्टी है जो समर्पण और परिश्रम का सम्मान करती है। उनके जैसे कार्यकर्ता को विधायक, मुख्यमंत्री, सांसद और महापौर बनाती है। भाजपा की नीति है, जिसमें वह जाति और धर्म को देखे बिना समभाव से गरीब, मजदूर को भेदभाव के बिना चाहे आवास हो या खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। विपक्ष के शोर और अलगाव पैदा करने की नीतियों की चिन्ता किए बिना प्रधानमंत्री मोदी अपना काम पूरी संवेदनशीलता से करते है। विश्व की सबसे बडी पार्टी का सदस्य बनना अपने आप में गौरव की बात है। उन्होंने युवाओं का आव्हान किया कि सिर्फ सदस्य बन जाने से आपकी जिम्मेदारी पूरी नहीं होती वरन् अपने समीप के लोगों को भी सदस्य बनाना कार्य की पूर्णता है और कर्तव्य पूर्णता का कोई अंत नहीं होता है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने आगे बताया कि यह सिलसिला अभी सिर्फ शुरू हुआ है जिसे पूर्ण ऊर्जा के साथ सभी युवाओं को एक मिशन के तहत पूर्ण करना है। इस कार्यक्रम का अगला पडाव मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिला है, जहां भाजपा की नीति रीति से भलीभांति अवगत कराकर न सिर्फ स्थिति सुधारी जाएगी वरन् जड़ों को स्थायी रूप से मजबूत कर पुनः पुराना गौरव प्राप्त किया जाएगा। सदस्यता अभियान और कार्यशाला में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के साथ सावन वर्मा, गिन्नी चांवला, मनीष गोलछा, नागेश यदु, नोमेश वर्मा, उज्जवल कसेर, ईशांत शर्मा, अभिषेक सेन, भावेश दुबे, लोकेश बागपात्रे, सुरेश साहू, संतोष सिंह, ईशांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली में 13 साल के बच्चे के तालाब में डूबने से मौत हो गई है प्राप्त जानकारी अनुसार गुलशन साहू पिता सुखचैन साहू निवासी पुराना अछोली उम्र 13 साल अपने मित्र विनोद साहू के साथ सुबह 9:00 बजे अछोली के स्टाप डैम नहाने के लिए गया था दोनों ही स्टाप डैम में नहा रहे थे की गुलशन का पैर गहरे पानी में स्लिप हो गया जिससे कि डूबने से उसकी मौत हो गई, डूबने के पश्चात उसके मित्र विनोद साहू ने घर जाकर मोहल्ले के पारस साहू एवं धनेश को बताया दोनों ने आकर डैम से गुलशन की बॉडी बाहर निकाल ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी जिसे अस्पताल ले जाकर उसका पोस्टमार्टम कर बॉडी घर वालों को सौंप दिया गया।

आज रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में आज 4 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से फाईन्ड दक्ष प्रायवेट लिमिटेड मड़ोदा भिलाई नगर दुर्ग द्वारा टेलीकॉलर (केवल महिला), मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव (केवल पुरूष), फील्ड एक्जीक्यूटिव (केवल पुरूष), सेल्स एक्जीक्यूटिव (केवल पुरूष), सिक्युरिटी गार्ड (केवल पुरूष), एक्सिस बैंक जॉब, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सीएनसी ऑपरेटर, फिटर, वेल्डर, सुपरवाईजर (केवल पुरूष), डिलिवरी ब्वॉय (फ्लिपकार्ट, ऐमेजॉन, मीशो), बीएससी फ्रेशर (केवल पुरूष) एवं फॉयर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा सिक्यूरिटी सुपरवाईजर (केवल पुरूष), फॉयर मेन (केवल पुरूष), सिक्यूरिटी गार्ड (केवल पुरूष), ड्राईवर (हैवी लायसेंस, केवल पुरूष), होम केयर टेकर सर्विसेस तथा शेफॉली बिजनेस इंटरनेशनल तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव (केवल पुरूष), टेलीकॉलर (केवल महिला) पदों पर भर्ती की जाएगी।

इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

कलेक्टर को जनदर्शन में नागरिकों ने बताई अपनी समस्याएं

जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम खरखाटोला के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आरक्षित भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मनकी निवासी खिलावन साहू और ग्राम भर्रेगांव निवासी चंदन लाल साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में महतारी वंदन योजना, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड में नाम एवं जाति सुधार करने, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

आज से जिले में प्रारंभ होगा भाजपा का सदस्यता महापर्व

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान महापर्व की देशभर में शुरुआत हो गई है। पिछले दो सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सदस्यता लेकर इस अभियान का श्रीगणेश किया उसके बाद 03 सितंबर को प्रदेश की राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री व अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सदस्यता लेकर महापर्व को हरी झण्डी दी।

आज 04 सितंबर को जिले में सदस्यता महापर्व का आगाज होने जा रहा है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल सदस्यता अभियान के जिला संयोजक सावन वर्मा सहसंयोजक आभा तिवारी, गिन्नी चावला, आलोक श्रोती ने बताया कि कल जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 10 बजे सदस्यता महापर्व की शुरुआत होगी जिसमें प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय, अशोक शर्मा व खूबचंद पारख की उपस्थिति में प्रारंभ होगा, जिसमें जिला भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, मोर्चा - प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com